वर्ष : 34 | अंक : 354 | मुंबई, सोमवार, 2 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित



होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं

# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

# खामेनेई की मौत





### 48 नेता मारे गए

लगातार दूसरे दिन हमले और अमेरिकी दावे

एजेंसी । ईरान

**मिडिल-ईस्ट में तनाव चरम पर है। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन मिलिट्री हमला किया। शनिवार को हुए पहले हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हुई। रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि इन हमलों में 48 ईरानी नेता मारे गए और ईरान अब बातचीत के लिए तैयार है। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है।**

### ईरान में शोक और अस्थायी सरकार

खामनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई। सत्ता संभालने के लिए अस्थायी समिति बनाई गई, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, न्यायपालिका प्रमुख मोहसेनी एजेही और धर्मगुरु अली रजा अराफी शामिल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान और 10 बड़े शहरों में हुए हमलों में लगभग 200 लोगों की मौत और 740 से अधिक लोग घायल हुए। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की जान गई और 45 घायल हैं।

### B-2 स्टील्थ बॉम्बर और भारी नुकसान

अमेरिकी एयरफोर्स ने हमलों में चार B-2 स्टील्थ बॉम्बर का इस्तेमाल किया, जिनका निशाना अंडरग्राउंड बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स थे। इजराइली वायुसेना के अनुसार पिछले 24 घंटे में अमेरिका के सहयोग से ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए गए। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला हुआ, जिसमें उनकी बेटी, दामाद, बहू और पोती समेत 40 कमांडर्स मारे गए।

### ईरान का पलटवार और क्षेत्रीय खतरा

जवाब में ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब और UAE में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास भी ड्रोन हमले हुए।

### नेतन्याहू का बयान और वैश्विक चिंता

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि IDF अब तेहरान पर तेज हमला कर रही है और आने वाले दिनों में यह और भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका के साथ मिलकर यह अभियान आतंकी राज पर जोरदार हमला करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। ट्रंप के दावों के बावजूद पेंटागन और IDF हमलों के वास्तविक नतीजों का आंकलन कर रहे हैं। इस संघर्ष से मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा और स्थिरता पर गंभीर खतरा पैदा हुआ है, जबकि वैश्विक नेताओं और संयुक्त राष्ट्र ने तत्काल शांति प्रयासों की अपील की है।

## यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाला आरोपी एनकाउंटर में ढेर

एजेंसी । गाजियाबाद



गाजियाबाद के लोनी में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी जीशान को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। एनकाउंटर के दौरान जीशान को दो गोलियां लगीं, उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी अमरोहा का रहने वाला था। इससे एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलीम पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया था। अगले ही दिन आरोपी की मौत से मुख्यमंत्री की चेतावनी का असर सामने आया।


### हमले की घटना

घटना शुक्रवार सुबह हुई, जब बाइक सवार दो हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे और चाकू से गर्दन और पेट पर ताबड़तोड़ वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और बाद में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी गर्दन का ऑपरेशन किया जा चुका है और एक अन्य सर्जरी शेष है। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### वीडियो कंटेंट और धमकियां

सलीम खुद को 'एक्स मुस्लिम' बताते हैं और यूट्यूब पर वीडियो बनाते हैं। उनके वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर कई बार धमकियां और विरोध मिल चुके थे। लगातार बयानबाजी के कारण वह कुछ लोगों के निशाने पर थे। हमले के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज और सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## आज दुनिया इजराइल के अहंकार का अंत देखेगी : अलीरेजा अराफी



**तेहरान।** ईरान के अंतरिम सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अलीरेजा अराफी ने अपने पहले बड़े बयान में कहा कि 'आज दुनिया इजराइल के अहंकार का अंत देखेगी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान की सेनाएं इजराइल में महत्वपूर्ण टारगेट को पहले ही लॉक कर चुकी हैं और सभी तैयारियां पूरी हैं। अराफी ने अपने भाषण में वैश्विक समुदाय को भी चेताया कि ईरान किसी भी बाहरी दबाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि 'हमारे लक्ष्य स्पष्ट हैं और हमारी कार्रवाई पूरी तरह नियंत्रित और योजनाबद्ध है। आज इजराइल की सैन्य श्रेष्ठता का मिथक टूटने वाला है।' विशेषज्ञों के अनुसार, यह बयान मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव को और बढ़ा सकता है। अराफी के नेतृत्व में ईरान की नई अंतरिम समिति ने पहले ही देश में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है और सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। ईरान में अलीरेजा अराफी के सत्ता संभालने के बाद यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय बयान माना जा रहा है।

## ईरान-इजराइल युद्ध का असर: CBSE ने 7 देशों में बोर्ड परीक्षाएं स्थगित की

### 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं पर संकट

एजेंसी । नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में बढ़ते ईरान-इजराइल युद्ध के बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने 2 मार्च 2026 को होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। यह फैसला बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और UAE में स्थित CBSE मान्यता प्राप्त स्कूलों पर लागू होगा।



### छात्र सुरक्षा और सुचारु परीक्षा संचालन प्राथमिकता

CBSE की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा और परीक्षा का सुचारु संचालन प्राथमिकता है। सभी संबंधित स्कूलों को औपचारिक आदेश भेज दिए गए हैं।

### सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की गई

CBSE ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी कर बताया कि मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में स्थिति के कारण परीक्षाएं स्थगित की गई हैं। बोर्ड ने कहा कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। 3 मार्च 2026 को स्थिति की समीक्षा के बाद 5 मार्च से आगे होने वाली परीक्षाओं के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। दुनिया भर के 26 देशों में CBSE से मान्यता प्राप्त 200 से अधिक स्कूल हैं।

### 3 अमेरिकी सैनिक शहीद

**अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने की पुष्टि**

मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि ईरान के खिलाफ ऑपरेशन Epic Fury में तीन अमेरिकी सैनिक शहीद हुए और पांच गंभीर रूप से घायल हैं। कई अन्य सैनिकों को मामूली छर्रे लगे, जिन्हें वापस ड्यूटी पर भेजा जा रहा है। सेना ने बताया कि शहीद सैनिकों की पहचान उनके परिवारों को सूचित किए जाने के 24 घंटे बाद साझा की जाएगी। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले दूसरे दिन भी लगातार जारी रहे। ईरान की सेना ने जवाबी कार्रवाई में मिसाइलों से मिडिल ईस्ट के देशों और जहाजों को निशाना बनाया।

# नागपुर ब्लास्ट में 18 की मौत

### सीएम देवेंद्र फडणवीस की पहली प्रतिक्रिया, नितिन गडकरी ने जताया शोक

डीबीडी संवाददाता । नागपुर



1 मार्च को सुबह 7:10 से 8:20 बजे के बीच कटोल तालुका के कलमेश्वर थाना क्षेत्र के राउलगांव गांव के पास स्थित एसबीएल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के डेटोनेटर नोजल क्लिपिंग प्लांट (20बी और 16बी) में भीषण विस्फोट हुआ।इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई—17 की मौके पर ही और एक की इलाज के दौरान। करीब 18 घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल और ऑरेंज सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि 25 से 30 मजदूर, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, गंभीर रूप से झुलस गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। राहत और बचाव कार्य जारी है।

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जताया शोक

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस घटना को 'दर्दनाक और अत्यंत दुखद' बताया। उन्होंने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही कहा कि प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

### कई किलोमीटर तक लोगों ने सुनी आवाजें

इस दौरान मौके पर बनी कंक्रीट की बिल्डिंग पूरी तरह से तबाह हो गई है और इसकी तीव्रता साफ देखी जा सकती है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आवाज कई किलोमीटर तक तक सुनी गई है। फिलहाल इस आग की सूचना दमकल विभाग को दे दी गई है। दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने के प्रयास कर रही है। इस धमाके की आवाज से इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया। वहीं कई किलोमीटर दूर से ही फैक्ट्री के अंदर से बड़ा सा धुएं का गुबार नजर आ रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन और जिले के आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। अधिकारियों द्वारा आग लगने के कारण और अंदर फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक घोषित की सहायता राशि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) से प्रत्येक मृतक के परिवार को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।




**वेस्टइंडीज का सफर खत्म**

# संजू सैमसन के तूफान ने भारत को दिलाया सेमीफाइनल का टिकट

एजेंसी । कोलकाता

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 के निर्णायक मुकाबले में टीम इंडिया ने अपनी दमदार खेल शैली के बूते वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अंतिम जगह पक्की कर ली। ईडन गार्डन्स की भीड़ ने जैसे ही संजू सैमसन को क्रीज पर देखा, दर्शकों की उम्मीदें आसमान छूने लगीं।

### वेस्टइंडीज की चुनौतीपूर्ण पारी

सुपर-8 के इस अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 196 रनों का लक्ष्य रखा। सलामी बल्लेबाज शाई होप और रोस्टन चेज़ ने टीम को मजबूत शुरुआत दी, लेकिन जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने उनकी उम्मीदों को जल्द ही चुनौती दी। बुमराह ने पांचवें ओवर से लेकर बारहवें ओवर तक लगातार तीन विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज की रफ्तार थम गई।

### संजू की धमाकेदार शुरुआत

भारत की पारी की शुरुआत धीमी रही। ओपनिंग जोड़ी में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा मैदान पर उतरे। अभिषेक शर्मा केवल 10 रन बनाकर आउट हो गए, उसके बाद ईशान किशन भी 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लेकिन एक छोर पर खड़े संजू ने खेल का संतुलन बनाए रखा।

## इजराइल-ईरान जंग पर भारत की पैनी नजर पीएम मोदी की सुरक्षा समीक्षा बैठक

एजेंसी । नई दिल्ली

मिडिल-ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच भारत ने भी कड़ा रुख अपनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और संबंधित मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों के साथ आपातकालीन बैठक की। बैठक में क्षेत्रीय स्थिति, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, और ऊर्जा आपूर्ति के संभावित प्रभावों पर विस्तृत समीक्षा की गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और खुफिया एजेंसियों ने पीएम मोदी को मिडिल-ईस्ट में



हालात का विस्तार से ब्रीफ किया। इसके तहत भारत में रह रहे प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा, तेल निर्यात और इम्पोर्ट चैनल्स, और वैश्विक बाजारों पर संभावित असर पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जाए और आवश्यकतानुसार भारत की सुरक्षा नीति और कूटनीतिक प्रयासों को तुरंत लागू किया जाए।

### सूचना

हमारे सभी पाठकों और शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि 2 मार्च 2026 को होली के अवसर पर 'DBD दो बजे दोपहर' का ऑफिस बंद रहेगा, इसलिए 3 मार्च 2026 का अंक प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

– संपादक

न्यूज़ ब्रीफ

## नवी मुंबई में विशेष स्वच्छता अभियान, 10 टन से अधिक कचरा हटाया गया



नवी मुंबई। डॉ. श्री. नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान के सहयोग से नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के गांवठाण इलाकों और पांच मनपा अस्पताल परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान महाराष्ट्र भूषण डॉ. श्री. नानासाहेब धर्माधिकारी की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। अभियान में प्रतिष्ठान के 2710 श्रीसदस्यों सहित महापौर सुजाता पाटील, उपमहापौर दशरथ भगत, अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार और अन्य अधिकारियों समेत 3500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। 26 गांवों और 5 अस्पताल परिसरों में चलाए गए इस अभियान के दौरान 10,885 किलोग्राम कचरा हटाया गया और लगभग 118 किलोमीटर क्षेत्र की सफाई की गई। महापौर ने इसे सेवा और परमार्थ का संगम बताया, जबकि प्रशासन ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकता है।

## तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण संपन्न

नवी मुंबई। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत घरों की गणना संबंधी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम महापालिका मुख्यालय के ज्ञानकेंद्र में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महापालिका आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे की उपस्थिति में हुआ। राज्य जनगणना संचालक तेजल कटारे और सांख्यिकी अधिकारी तुषार पाटील ने घरों की वैज्ञानिक पद्धति से गणना करने का प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर शहर जनगणना अधिकारी संजय शिंदे ने कहा कि जिस तरह मनपा ने चुनाव कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उसी प्रकार जनगणना कार्य में भी नवी मुंबई शीर्ष स्थान हासिल करेगी। उन्होंने इसे राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने का आह्वान किया और लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे तथा प्रश्नोत्तर सत्र में शंकाओं का समाधान किया गया।

## 350वें शहीदी दिवस पर नवी मुंबई में गुरु तेग बहादुर को भव्य श्रद्धांजलि

नवी मुंबई। खारघर में सिखों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर भव्य शहीदी समागम आयोजित हुआ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरु साहिब के बलिदान और उनके संदेश पर प्रकाश डाला और धर्म और संस्कृति की रक्षा में उनके योगदान को याद किया। शाह ने बताया कि 1675 में मुगल शासनकाल में कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए गुरु साहिब ने अपना जीवन न्योछावर किया। उनका बलिदान न केवल अत्याचार की शक्ति को तोड़ने वाला था, बल्कि लोगों में साहस और आत्मविश्वास भी जगाया। कार्यक्रम में दसों सिख गुरुओं की शिक्षाओं और योगदान को याद किया गया। शाह ने गुरु नानक देव जी के संदेश 'नाम जपो, कीरत करो और वंड छको' और गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना पर जोर दिया। समागम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# पश्चिम एशिया संघर्ष: पुणे के 84 छात्र दुबई में फंसे

डीबीडी संवाददाता । पुणे

महाराष्ट्र के पुणे स्थित इंदिरा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज (आईएसबीएस) के 84 छात्र पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण दुबई में फंसे हुए हैं। हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से उनकी वापसी फिलहाल संभव नहीं हो पाई है। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, एमबीए के छात्र वार्षिक पांच दिवसीय अध्ययन यात्रा के तहत दुबई गए थे। इनमें से 40 छात्रों को शनिवार को और शेष 44 छात्रों को रविवार को पुणे लौटना था, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते तनाव और उड़ानों के बाधित होने के कारण वे वहीं रुकने को मजबूर हो गए।

### सभी छात्र सुरक्षित




संस्थान के डीन जनार्दन पवार ने बताया कि सभी छात्र सुरक्षित हैं और उन्हें एक होटल में ठहराया गया है। इंदिरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की चेयरपर्सन तारिता शंकर ने भी पुष्टि की कि छात्र और स्टाफ सदस्य सुरक्षित हैं तथा संस्थान उनके संपर्क में है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी के लिए विदेश मंत्रालय और नागर विमानन मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है।

### संघर्ष के बाद उड़ानें प्रभावित

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की कथित तौर पर इजराइल और अमेरिका के हमले में मौत की खबर के बाद पश्चिम एशिया में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इसके चलते कई देशों ने हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद कर दिया, जिससे दुबई सहित विभिन्न स्थानों पर उड़ानें बाधित हुई हैं। संस्थान प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि स्थिति सामान्य होते ही छात्रों को सुरक्षित भारत वापस लाया जाएगा।

# महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग का बड़ा निर्देश

**पॉश अधिनियम के तहत गठित समितियों का एक माह में ऑडिट होगा**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों और संभागीय आयुक्तों को निर्देश दिया है कि सरकारी और निजी कार्यालयों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के लिए गठित आंतरिक समितियों का एक माह के भीतर ऑडिट कराया जाए।

### पॉश अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर




यह कदम कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 यानी पॉश अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस कानून के तहत प्रत्येक सरकारी और निजी संस्थान में यौन उत्पीड़न की शिकायतों के निपटारे के लिए आंतरिक समिति (आईसी) का गठन अनिवार्य है। साथ ही जिला स्तर पर स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) का गठन भी आवश्यक है।

### पालन न करने पर होगी कार्रवाई

आयोग ने स्पष्ट किया है कि कानून का पालन न करने वाले संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सभी संभागीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को 30 दिनों के भीतर आयोग को ऑडिट रिपोर्ट सौंपनी होगी। रूपाली चाकणकर ने बताया कि आयोग ने पहले भी राज्य सरकार से पॉश ऑडिट अनिवार्य करने का आग्रह किया था, जिसके बाद 22 अगस्त 2025 को सरकार ने इस संबंध में सरकारी आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इस ऑडिट से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि महाराष्ट्र में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल रहा है या नहीं।

### सामने आईं कई खामियां

आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार निरीक्षण और प्राप्त शिकायतों के आधार पर कई गंभीर कमियां सामने आई हैं, जैसे- कई कार्यालयों में आंतरिक समितियां गठित ही नहीं हैं। कुछ समितियां केवल कागजों तक सीमित हैं। कानून के प्रति जागरूकता का अभाव है। समिति सदस्यों को प्रशिक्षण नहीं दिया गया। वार्षिक रिपोर्ट जमा नहीं की जाती। आवश्यक सूचना और प्रदर्शन बोर्ड नहीं लगाए गए।

### विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट अनिवार्य


आयोग ने निर्देश दिया है कि प्रत्येक कार्यालय के लिए विस्तृत ऑडिट रिपोर्ट तैयार की जाए, जिसमें शामिल हों- समिति की संरचना, प्राप्त और लंबित शिकायतों का विवरण, की गई कार्रवाई, जागरूकता कार्यक्रम, वार्षिक रिपोर्ट, सूचना/प्रदर्शन बोर्ड की स्थिति यदि किसी कार्यालय में समिति गठित नहीं है।

# 5 मार्च से प्रभाग समितियों के अध्यक्ष पद का चुनाव

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका के 27 विभागीय कार्यालयों में प्रभाग समिति अध्यक्ष पदों के चुनाव 5 मार्च से कराए जाएंगे। इसके लिए नगरसेवकों ने जोरदार लॉबिंग शुरू कर दी है। प्रभाग समिति अध्यक्षों का चुनाव मार्च महीने में होने के कारण मनपा के सचिव विभाग ने प्रभागवार चुनाव की तारीख और समय का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस चुनाव के लिए महापौर और उपमहापौर पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। विभागीय कार्यालयों की प्रभाग समिति के अध्यक्ष उस कार्यालय के नगरसेवकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अध्यक्ष होते हैं। हर विभागीय कार्यालय के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत होती है। इस फंड से वार्ड के नगरसेवकों को कितना धन दिया जाए, इसका पूरा अधिकार विभागीय कार्यालय के प्रभाग समिति अध्यक्ष के पास होता है।

### प्रभाग कार्यालय- चुनाव तिथि



सी और डी - गुरुवार, 5 मार्च 2026, ए, बी और ई - गुरुवार, 5 मार्च 2026,एफ/दक्षिण और एफ/उत्तर - गुरुवार, 5 मार्च 2026,आर/उत्तर और आर/मध्य - गुरुवार, 5 मार्च 2026,आर/दक्षिण- गुरुवार, 5 मार्च 2026,पी/पूर्व और पी/पश्चिम - गुरुवार, 5 मार्च 2026 एच/पूर्व और एच/पश्चिम- शुक्रवार, 6 मार्च 2026,जी/उत्तर- शुक्रवार, 6 मार्च 2026,जी/दक्षिण- शुक्रवार, 6 मार्च 2026,पी/दक्षिण - शुक्रवार, 6 मार्च 2026,के/पश्चिम - शुक्रवार, 6 मार्च 2026,के/उत्तर और के/दक्षिण- शुक्रवार, 6 मार्च 2026,एल वार्ड- सोमवार, 9 मार्च 2026,एन वार्ड- सोमवार, 9 मार्च 2026,एस और टी- सोमवार, 9 मार्च 2026,एम/पश्चिम- सोमवार, 9 मार्च 2026,एम/पूर्व- सोमवार, 9 मार्च 2026।

# 'दुर्घटना-मुक्त यात्रा' परिवहन विभाग का लक्ष्य

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र मोटर परिवहन विभाग की 86वीं वर्षगांठ उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक विभाग की वर्षगांठ नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की प्रगति और जनसेवा की अटूट परंपरा का उत्सव है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों का अभिवादन करते हुए उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग राज्य की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन की रीढ़ है। उनका स्पष्ट संदेश था कि केवल सड़क दुर्घटनाएं कम करना ही नहीं, बल्कि 'दुर्घटना-मुक्त यात्रा' को भविष्य का लक्ष्य बनाया जाना चाहिए।

**प्रताप सरनाईक ने 86वीं वर्षगांठ पर रखा विजन**

### दूरदराज क्षेत्रों तक सुरक्षित सेवा



मंत्री सरनाईक ने कहा कि विभाग सीधे तौर पर किसानों, विद्यार्थियों, कामगारों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार करने वाले नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ा है। आदिवासी गांवों से लेकर महानगरों तक सुरक्षित और अनुशासित परिवहन सेवा उपलब्ध कराना विभाग की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में प्रौद्योगिकी के माध्यम से विभाग में पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ी है। विशेष रूप से ऑनलाइन अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) प्रक्रिया, डिजिटल सेवाएं, सड़क सुरक्षा पहल और अवैध यातायात के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का उल्लेख किया।

### सुरक्षित, हरित और स्मार्ट परिवहन पर जोर

मंत्री ने कहा कि विभाग की असली ताकत उसके कर्मचारी हैं, जो हर परिस्थिति—चाहे भीषण गर्मी हो या मानसून—में नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का आगामी लक्ष्य सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और स्मार्ट परिवहन सेवाएं विकसित करना है। सड़क सुरक्षा जागरूकता, पर्यावरण हितैषी वाहन, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी पर विशेष बल देते हुए उन्होंने राज्य के विकास को नई गति देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिवहन आयुक्त राजेश नार्वेकर तथा अतिरिक्त परिवहन आयुक्त भरत कलस्कर सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अपने परिवारों के साथ उपस्थित थे।

# भिवंडी में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

शहर के शांतीनगर इलाके से महिला उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। 23 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में निजी फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण का आरोप



पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने शांतीनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में बताया कि आरोपी फाइक अब्दुल रऊफ पटेल (30), निवासी गैबीनगर, भिवंडी ने मार्च 2023 से फरवरी 2026 के बीच कई बार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोप है कि उसने 'तुमसे शादी करूंगा, तुम मेरी पत्नी हो' कहकर विश्वास में लिया और एक कमरे में संबंध बनाए, जहां उस समय कोई अन्य मौजूद नहीं था। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने मुलाकातों के दौरान दोनों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किए। जब भी युवती ने संबंध बनाने से इनकार किया, तो आरोपी उक्त सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। वर्ष 2024-25 के दौरान आरोपी ने व्हॉट्सऐप वीडियो कॉल पर भी उसे धमकाकर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया और कॉल की स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली।

### आरोपी फरार, गिरफ्तारी के प्रयास तेज

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 64(2)(एम) तथा आईटी एक्ट की धारा 66(ई), 67 और 67(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफआईआर 27 फरवरी 2026 को दोपहर 3:54 बजे दर्ज की गई। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक (गुन्हे) अतुल अडुरकर कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित किया जा रहा है और आरोपी की तलाश जारी है। फिलहाल आरोपी फरार बताया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जल्द गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### परिजनों को भेजी निजी सामग्री

शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने अलग-अलग तिथियों पर पीड़िता के जीमेल अकाउंट, उसके भाई के इंस्टाग्राम अकाउंट, मां और मित्र के व्हॉट्सऐप नंबर सहित अन्य परिचितों को निजी फोटो-वीडियो भेजकर उसकी सामाजिक बदनामी की।

# नवी मुंबई हत्याकांड: 'फोन-पे' डिजिटल लेनदेन से खुला राज, 4 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

महापे एमआईडीसी इलाके में नाले के पास मिले 31 वर्षीय युवक के शव मामले में नवी मुंबई क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। बिजली के तार चोरी के संदेह में युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 48 घंटे के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में डिजिटल भुगतान मंच PhonePe पर हुए लेनदेन ने अहम भूमिका निभाई। मृतक की पहचान मानखुर्द निवासी संदीप लक्ष्मीकांत विश्वकर्मा के रूप में हुई, जो 15 फरवरी से लापता था। 16 फरवरी को उसका शव बरामद हुआ था। शुरुआती तौर पर इसे आकस्मिक मौत माना गया, लेकिन आगे की जांच में हत्या का मामला सामने आया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर गंभीर चोटों के निशान और अंदरूनी अंगों में भारी मारपीट के कारण मौत की पुष्टि हुई। इसके बाद रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने समानांतर जांच शुरू की। तकनीकी जांच में संदीप की आखिरी लोकेशन वाशी सेक्टर-26 में मिली, जहां वह एक कबाड़ व्यवसायी से मिला था। जांच में पता चला कि कुछ युवकों ने संदीप और कबाड़ व्यवसायी को जबरन महापे के एक गोदाम में ले जाकर बंधक बनाया। आरोप था कि संदीप बिजली के खंभों और डीपी से तार चोरी करता है। मारपीट के दौरान आरोपियों में से एक ने कबाड़ व्यवसायी से 'फोन-पे' के जरिए पैसे ट्रांसफर करवाए।

# नवी मुंबई में पद के गलत उल्लेख पर विवाद

**भ्रामक बैनर हटाने और जांच की मांग**

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

तुर्भे क्षेत्र में लगाए गए कुछ बैनरों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता गुरु सूर्यवंशी ने प्रशासन और पुलिस को औपचारिक शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अमित अमृत मेढकर, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से नवी मुंबई महानगरपालिका में 'स्वीकृत नगरसेवक' नियुक्त किया गया है, उन्होंने शहर और सोशल मीडिया पर लगाए गए शुभेच्छा बैनरों में स्वयं को 'नगरसेवक' के रूप में दर्शाया है।




### नियुक्ति प्रक्रिया और अधिकारों में अंतर

शिकायतकर्ता एडवोकेट गुरु सूर्यवंशी का कहना है कि महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम के अनुसार 'निर्वाचित नगरसेवक' और 'स्वीकृत नगरसेवक' की नियुक्ति प्रक्रिया तथा अधिकारों में स्पष्ट अंतर होता है। ऐसे में पद का गलत उल्लेख करना जनता को भ्रमित करने जैसा है और इसे प्रशासनिक आचार संहिता के विरुद्ध माना जाना चाहिए। उन्होंने नवी मुंबई के आयुक्त और पुलिस आयुक्त को पत्र सौंपकर शहर में लगे सभी कथित भ्रामक बैनरों को तत्काल हटाने और मामले की जांच कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति ने जानबूझकर गलत पद का उपयोग कर जनता के बीच भ्रम फैलाया है, तो उसके विरुद्ध संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायत के साथ विवादित बैनरों के फोटो भी प्रशासन को सौंपे गए हैं। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है और अब प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# उल्हासनगर में स्मार्ट मीटर को लेकर बवाल

**हजारों घरों की बिजली गुल**

**उपभोक्ताओं का हंगामा**

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में शनिवार सुबह अचानक करीब 1000 से 1500 घरों की बिजली आपूर्ति बंद होने से हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में नाराज उपभोक्ता साईं बाबा मंदिर के पास स्थित महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (महावितरण) के कार्यालय पहुंच गए और अधिकारियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

### बिना सूचना कट रही बिजली?

उपभोक्ताओं का आरोप है कि पुराने मीटर सिस्टम में बिजली काटने से पहले संदेश के जरिए सूचना मिल जाती थी, जिससे समय पर बिल जमा किया जा सकता था। लेकिन स्मार्ट मीटर प्रणाली में बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे सप्लाई बंद कर दी जा रही है। कई लोगों का कहना है कि बिल भरने के बाद भी घंटों तक बिजली बहाल नहीं हुई, जिससे परिवारों को अंधेरे में रहना पड़ा। हजारों रुपये का भुगतान करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी रही।

### छात्रों और मरीजों पर असर



बिजली कटौती से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं कुछ घरों में बुजुर्ग और बीमार मरीज भी हैं, जिनकी देखभाल प्रभावित हुई। अचानक बिजली गुल होने से लोगों में भारी रोष देखा गया। नागरिकों ने तकनीकी खामियों को तुरंत दूर करने, पारदर्शी प्रक्रिया लागू करने और बिजली कटौती से पहले अनिवार्य सूचना देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लाई गई थी, लेकिन वर्तमान हालात में यह परेशानी का कारण बन रही है।

### अधिकारी का बयान

अतिरिक्त अभियंता भास्कर कोल्हे ने बताया कि नया मीटर मोबाइल प्रीपेड प्रणाली की तरह काम करता है। समय पर बिल जमा न होने पर बिजली स्वतः बंद हो जाती है और भुगतान के बाद स्वतः चालू हो जानी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि शनिवार को सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह स्थिति बनी।

### ठाणे नगर निगम का प्रॉपर्टी टैक्स अभियान

# 6.5 लाख संपत्तियों से 900 करोड़ वसूली का लक्ष्य

## कमिश्नर ने डिफॉल्टर्स पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए




**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे नगर निगम (टीएमसी) ने शहर के प्रॉपर्टी टैक्स बकायादारों पर लगाम कसने की तैयारी शुरू कर दी है। टीएमसी कमिश्नर सौरभ राव ने बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निगम के पास लगभग 6.5 लाख संपत्तियाँ पंजीकृत हैं, जिनमें से करीब 1.10 लाख प्रॉपर्टी धारकों ने अभी तक टैक्स जमा नहीं किया। उनकी प्रॉपर्टियों को सील और जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस वर्ष के बजट में नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स से 900 करोड़ रुपये संग्रह का लक्ष्य रखा था। अब तक निगम 630 करोड़ रुपये वसूल कर चुका है। मार्च के अंत तक शेष 270 करोड़ रुपये वसूलना हैं।

### टैक्स न भरने वालों के खिलाफ कदम

टीएमसी ने अब तक 515 संपत्तियाँ जब्त, 223 संपत्तियों को सील, और 1,206 डिफॉल्टर्स की पानी आपूर्ति बंद कर दी है। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि डिफॉल्टर्स के नाम अखबारों में प्रकाशित किए जाएँ। नगर निगम ने 31 मार्च तक सभी वार्ड स्तर के कलेक्शन सेंटर को सप्ताहांत में भी खोला रखने का निर्णय लिया है। करदाता सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक (शनिवार) और सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक (रविवार) टैक्स जमा कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन भुगतान के लिए Google Pay, PhonePe और BHIM App की सुविधा भी उपलब्ध है।

# आरपीआई (आठवले) की बैठक में पप्पू कालानी की उपस्थिति ने बढ़ाई सियासी चर्चाएं




### उल्हासनगर में जिला स्तरीय बैठक


**उल्हासनगर।** रविवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई नए सदस्य शामिल हुए और पत्रकार वार्ता भी हुई। इस दौरान पूर्व विधायक पप्पू कालानी की उपस्थिति ने शहर की राजनीति में हलचल पैदा कर दी। कार्यक्रम में आरपीआई के जिला अध्यक्ष ने पप्पू कालानी को पार्टी का अधिकृत मफलर पहनाया और उन्होंने मंच पर बैठकर बैठक में भाग लिया। इससे कयास लगाए जाने लगे कि क्या कालानी फिर से आरपीआई की ओर रुख कर रहे हैं। पत्रकारों से बातचीत में पप्पू कालानी ने कहा कि आरपीआई ने उन्हें शहर का विधायक बनाया था और उनके नेताओं के साथ पुराने और अच्छे संबंध रहे हैं। उन्होंने आरपीआई के प्रति सहानुभूति जताई, लेकिन स्पष्ट किया कि उनका परिवार शिवसेना से जुड़ा है और वे स्वयं भी उसी के साथ हैं। उन्होंने आरपीआई में शामिल होने की अटकलों का खंडन किया।

### कालानी परिवार की शिवसेना से नजदीकियां

उल्हासनगर में कालानी परिवार लंबे समय से राजनीतिक प्रभाव रखता है। लोकसभा चुनाव में ओमी कालानी ने शिवसेना उम्मीदवार डॉ. श्रीकांत शिंदे के समर्थन में काम किया, जिससे परिवार और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच नजदीकियां बढ़ीं। मनपा चुनाव में ओमी कालानी के नेतृत्व वाले स्थानीय संगठन टीओके ने शिंदे शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ा, जिससे संगठन को लाभ मिला। कालानी परिवार के करीबी कमलेश निकम की पत्नी अश्विनी निकम महापौर बनने में सफल रहीं।

# पुणे जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव की तारीखें घोषित

## सभापति और उपसभापति का चुनाव नौ मार्च



**पुणे।** जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनाव संपन्न होने के तीन सप्ताह बाद प्रशासन ने अध्यक्ष और सभापति पदों के चयन का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित किया। जिले की 13 पंचायत समितियों — हवेली, जुन्नर, आंबेगांव, खेड, शिरूर, बारामती, इंदापुर, दौंड, पुरंदर, भोर, वेल्हे, मुलशी और मावल — के सभापति और उपसभापति का चुनाव 9 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा।

### 16 मार्च को होगा जिला परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव

इसके पश्चात, पुणे जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान प्रक्रिया 16 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे पूरी की जाएगी। इन दोनों चुनावों के दौरान अपर जिलाधिकारी पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे।जिला परिषद चुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 73 में से 51 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। बहुमत मिलने के बाद अध्यक्ष पद की दौड़ में वीरधवल जगदाले, तुषार थोरात और करण खलाटे के नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

### कोई बाहरी सहयोग नहीं चाहिए: सुनेत्रा पवार

इच्छुक उम्मीदवारों ने अपनी 'फील्डिंग' शुरू कर दी है और वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं। हालांकि एनसीपी के पास बहुमत है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे महायुति के सहयोगी भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सत्ता में शामिल करते हैं। स्थानीय नेताओं ने उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के सामने साफ कर दिया है कि बहुमत के कारण उन्हें किसी बाहरी सहयोग की आवश्यकता नहीं और वे एकतरफा सत्ता स्थापित करना चाहते हैं। यह निर्णय वरिष्ठ नेतृत्व के पाले में होने से जिले की राजनीति में हलचल बढ़ गई है।

# इंडिगो ने पुणे-बैंकॉक उड़ानें अस्थायी रूप से बंद की




## उड़ान सेवा बंद, ग्रीष्मकालीन शेड्यूल में नहीं शामिल

पुणे। पुणे से बैंकॉक जाने वाले हवाई यात्रियों के लिए झटका है। इंडिगो एयरलाइंस ने पुणे एयरपोर्ट से थाईलैंड की राजधानी के लिए अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। 29 मार्च से शुरू होने वाले आगामी 'ग्रीष्मकालीन शेड्यूल' में पुणे-बैंकॉक और बैंकॉक-पुणे उड़ानों को शामिल नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए टिकट बुकिंग भी रोक दी गई है।

वर्तमान में पुणे से दुबई और बैंकॉक के लिए दो-दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानें चल रही हैं, जबकि सिंगापुर और अबू धाबी के लिए एक-एक सेवा उपलब्ध है। इंडिगो के इस निर्णय के बाद पुणे-बैंकॉक रूट पर केवल एयर इंडिया एक्सप्रेस की सेवा शेष रहेगी। एयरलाइन ने निर्णय का स्पष्ट कारण नहीं बताया, केवल 'परिचालन संबंधी कारणों' का हवाला दिया है।

### यात्रियों में नाराजगी और बढ़ते टिकट दाम

उड़ानों की कटौती से यात्रियों में नाराजगी और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतिस्पर्धा घटने से इस रूट पर टिकटों के दाम में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। पुणे से अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बढ़ती मांग के बावजूद उड़ानों की संख्या कम होना शहर के विकास के लिए भी चिंता का विषय है। यात्रियों ने केंद्र सरकार और विमानन कंपनियों से पुणे से अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# फोर्ट इलाके में होटल में लगी भीषण आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के फोर्ट इलाके में रविवार को एक होटल में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

फोर्ट इलाके के जीपीओ के सामने वालचंद हिराचंद रोड पर स्थित बाबेल होटल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मुंबई फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया। आग मुख्य रूप से होटल की पहली और दूसरी मंजिल तक सीमित रही, जहां करीब 2,000 वर्ग फुट क्षेत्र प्रभावित हुआ। इस दौरान होटल का फर्नीचर, गद्दे, बिजली की वायरिंग और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। इस



घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

आग बुझाने के लिए दमकल विभाग के साथ पुलिस, एंबुलेंस सेवा, बीएमसी के कर्मचारी और बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती अनुमान में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# जल्द भरे जाएंगे मुंबई मनपा सुरक्षा दल के रिक्त पद

**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका के सुरक्षा दल के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती की जाएगी। यह जानकारी प्रमुख सुरक्षा अधिकारी अजित तावड़े ने दी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा दल में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही भांडुप संकुल में एक अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र विकसित करने का कार्य भी प्रगति पर है।

बीएमसी के सुरक्षा दल का 60वां स्थापना दिवस रविवार को भांडुप संकुल स्थित सुरक्षा दल प्रशिक्षण केंद्र में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वर्ष 2025–26 के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों व खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने



वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। मनपा उपायुक्त (उद्यान) अजित कुमार आंबी ने कहा कि जिस प्रकार बीएमसी नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में विश्वभर में प्रतिष्ठित है, उसी तरह सुरक्षा दल के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को सुरक्षा व्यवस्था के मामले में अग्रणी बने रहना चाहिए। सुरक्षा से जुड़े नवीनतम तकनीक को अपनाने, शारीरिक क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक तंदुरुस्ती पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा दल की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा भव्य, सुसंगठित और अनुशासित पथसंचलन प्रस्तुत किया। साथ ही विभिन्न कवायदों का प्रदर्शन कर दल की दक्षता, अनुशासन और साहस का प्रभावशाली परिचय दिया गया। प्रमुख सुरक्षा अधिकारी अजित तावड़े ने बताया कि पिछले 60 वर्षों से सुरक्षा दल के अधिकारी और कर्मचारी अत्यंत जिम्मेदारी व निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। मनपा कार्यालयों, अस्पतालों, जलाशयों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा कर रहे हैं।

# संजय राउत का केंद्र पर हमला

## ईरान पर अमेरिका–इज़रायल कार्रवाई को लेकर विदेश नीति पर उठाए सवाल

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने 'मित्र' देश ईरान पर अमेरिका और इज़रायल की सैन्य कार्रवाई के बाद केंद्र सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की।रविवार को पत्रकारों से बातचीत में राउत ने कहा कि ईरान का कमजोर होना भारत के लिए भी खतरनाक हो सकता है। उनका दावा था कि यदि अमेरिका और इज़रायल पश्चिम एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाते हैं, तो इसके दूरगामी परिणाम भारत पर भी पड़ सकते हैं।उन्होंने कहा,'भारत ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। युद्ध हमारे दरवाजे तक पहुंच चुका है।'



### खामेनेई की मौत के बाद बढ़ा तनाव

अमेरिका और इज़रायल द्वारा शनिवार को किए गए हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई है। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

### भारत का आधिकारिक रुख

भारत सरकार ने इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तनाव को बढ़ने से रोकने की अपील की है। साथ ही यह भी कहा है कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए।राउत के बयान के बाद भारत की विदेश नीति और पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है।

# अजित पवार विमान हादसा नहीं साजिश : वडेट्टीवार



**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी के नेता विजय वडेट्टीवार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे को साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि शत-प्रतिशत साजिश नजर आ रही है। विमान दुर्घटना की शनिवार को प्राथमिक जांच रिपोर्ट आने के बाद वडेट्टीवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि रिपोर्ट के अनुसार विमान पहले एक पेड़ से टकराकर क्रैश हुआ। अगर ऐसे दावे किए जा रहे हैं, तो यह साफ है कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि 100 प्रतिशत साजिश लगती है। अजित पवार विमान हादसे को लेकर शक जाहिर किए जा रहे हैं. एनसीपी (एसपी) विधाक रोहित पवार इस मामले को लेकर पहले से सवाल खड़े कर रहे हैं। अब प्राथमिक रिपोर्ट आने के बाद अन्य नेता भी सवाल उठाने लगे हैं।

प्लेन क्रैश के एक महीने बाद इस हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट सामने आई है। इसमें इस बात की जानकारी दी गई है कि अजित पवार का प्लेन कैसे क्रैश हुआ।

### कोकण विभाग में कांग्रेस कार्यशाला

# भाजपा की राजनीति पर निशाना

**मुंबई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने चिपलूण में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पिछले 12 वर्षों से हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़ा कर देश में विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले षड्यंत्र को विफल करें, पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करें और राहुल गांधी का साथ दें। प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने संगमेश्वर स्थित छत्रपति संभाजी महाराज स्मारक की खराब स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने कई बार घोषणाएं कीं, लेकिन अमल आज तक नहीं हुआ। यह भाजपा सरकार की लापरवाही का प्रमाण है।




### लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स परियोजना का विरोध

सपकाल ने कोकण में प्रस्तावित लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड की केमिकल परियोजना का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस कंपनी की तकनीक इटली में बंद हो चुकी है और इससे कोकण का पर्यावरण बर्बाद होगा। कांग्रेस इस मुद्दे को विधानमंडल में भी उठाएगी। विधायक भाई जगताप ने बताया कि इस शिविर से कार्यकर्ताओं को वैचारिक दिशा और नई ऊर्जा मिली है।

# मुंबई के पायधुनी इलाके में 42 साल से फरार आरोपित गिरफ्तार

**मुंबई।** भायखला पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को मुंबई के पायधुनी इलाके में जाल बिछाकर 42 साल से फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान नाम मोहम्मद उर्फ सलीम अब्दुल दोराजीवाला (सत्तार) के रुप में की गई है, और वह मझगांव इलाके में रहता था।

इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपित मोहम्मद उर्फ सलीम अब्दुल दोराजीवाला और आरोपी इब्राहिम मालवाला के खिलाफ भायखला पुलिस स्टेशन में शिकायतकर्ता शिकायतकर्ता सदानंद शेट्टी को चाकू मारने का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपित 1984 में जामनत मिलने के बाद फरार



हो गया था। इसीलिए आरोपित के विरुद्ध नॉन-बेलेबल वारंट जारी किया गया था और तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि आरोपित छिपकर उड़ीसा, विशाखापत्तनम और आंध्र प्रदेश में रह रहा था। इसके बाद आरोपित के मुंबई आने की गोपनीय जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को पायधुनी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है।

# अजित पवार विमान हादसे पर नया खुलासा करेंगे रोहित पवार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

अजित पवार के विमान हादसे को लेकर सियासत तेज हो गई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने सोमवार को मुंबई में इस मामले में नया खुलासा करने की घोषणा की है। उन्होंने प्राथमिक जांच रिपोर्ट के कुछ बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए विस्तार से अपनी बात रखने की बात कही है।

एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने शनिवार को 22 पन्नों की प्रारंभिक रिपोर्ट जमा की। रिपोर्ट में दुर्घटना के अंतिम क्षणों का विवरण दिया गया है। बताया गया है कि विमान पहले एक पेड़ से टकराया, फिर जमीन पर गिरा और उसके बाद क्रैश हो गया। हादसे के समय इलाके में दृश्यता कम थी। रिपोर्ट के अनुसार सुबह 8:29:25 से 8:46:13 बजे के बीच विमान और बारामती एयरफील्ड के एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच बातचीत दर्ज है। अंतिम क्षणों में पायलट की ओर से 'ओह शिट, ओह शिट' संदेश प्रसारित किया गया, लेकिन कंट्रोल रूम से कोई जवाब दर्ज नहीं हुआ।



### पहले भी जता चुके हैं संदेह

रोहित पवार पहले से ही इस विमान हादसे को लेकर संदेह व्यक्त करते रहे हैं। अब वे प्राथमिक रिपोर्ट के तथ्यों और संभावित विसंगतियों पर विस्तार से खुलासा करने की तैयारी में हैं। इस बीच, आधिकारिक एजेंसियां मामले की विस्तृत जांच में जुटी हैं।

### रिपोर्ट की त्रुटि पर सवाल

रोहित पवार ने रिपोर्ट के पेज नंबर 4 में दर्ज एक कथित त्रुटि पर सवाल उठाया है, जिसमें बारामती एयरफील्ड को "बारामती जिले" में बताया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी बुनियादी गलती से जांच की गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि यदि प्रारंभिक रिपोर्ट में इस तरह की त्रुटियां हैं, तो आगे की जांच किस आधार पर की जाएगी और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) इस रिपोर्ट पर कैसे भरोसा करेगी।

संपादकीय

## विश्व व्यवस्था पर प्रहार और पश्चिमी नीतियों का खतरनाक स्वरूप

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की खबर ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। यह केवल एक देश के नेता की मृत्यु नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उस चिंताजनक प्रवृत्ति का प्रतीक है जिसमें शक्तिशाली देश अपनी सैन्य ताकत के बल पर दूसरे देशों की संप्रभुता और स्वतंत्रता को चुनौती देने लगे हैं। यदि किसी बाहरी हमले के कारण यह घटना हुई है, तो यह अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं और विश्व शांति के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है। इस घटना ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या विश्व व्यवस्था अब ताकत के अहंकार के सामने असहाय होती जा रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह उम्मीद की गई थी कि दुनिया में विवादों का समाधान युद्ध के बजाय संवाद और कूटनीति के माध्यम से होगा। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संगठन की स्थापना की गई थी, ताकि कोई भी शक्तिशाली देश अपने स्वार्थ के लिए दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करे। लेकिन वास्तविकता यह है कि पिछले कई दशकों में इस सिद्धांत का सबसे अधिक उल्लंघन स्वयं पश्चिमी देशों ने किया है, जिनमें विशेष रूप से अमेरिका की भूमिका बार-बार चर्चा और आलोचना के केंद्र में रही है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि इक्कीसवीं सदी की शुरुआत से ही पश्चिमी हस्तक्षेप ने कई देशों को अस्थिरता और विनाश की ओर धकेला है। इराक पर दो हजार तीन में किया गया हमला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कथित हथियारों के नाम पर युद्ध छेड़ा गया, लेकिन बाद में वे दावे निराधार साबित हुए। इसी प्रकार लीबिया में सैन्य कार्रवाई ने एक पूरे देश को अराजकता में धकेल दिया। अफगानिस्तान में दो दशकों तक चला युद्ध भी अंततः अस्थिरता और मानवीय संकट को ही जन्म देता रहा। इन सभी घटनाओं में लाखों निर्दोष लोगों की जान गई और पूरे क्षेत्रों की सामाजिक तथा राजनीतिक संरचना बिखर गई।

ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या की घटना भी इसी खतरनाक प्रवृत्ति का विस्तार प्रतीत होती है। किसी देश के सर्वोच्च नेतृत्व को निशाना बनाना न केवल राजनीतिक आक्रामकता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक नैतिकता का भी गंभीर उल्लंघन है। यदि इस प्रकार की कार्रवाइयों को सामान्य बना दिया गया, तो विश्व व्यवस्था का आधार ही कमजोर हो जाएगा। फिर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कानून और संवाद के बजाय शक्ति और प्रतिशोध का शासन स्थापित हो जाएगा। इस घटना का प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। मध्य-पूर्व का क्षेत्र पहले ही लंबे समय से संघर्ष और तनाव का केंद्र बना हुआ है। ऐसे में यदि वहां के किसी प्रमुख नेता की हत्या होती है, तो इसका परिणाम व्यापक क्षेत्रीय अस्थिरता के रूप में सामने आ सकता है। इससे युद्ध की आशंका बढ़ सकती है और उसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी पड़ सकता है। पश्चिमी देशों, विशेषकर अमेरिका को यह समझना होगा कि विश्व नेतृत्व केवल सैन्य शक्ति के प्रदर्शन से स्थापित नहीं होता। वास्तविक नेतृत्व संयम, जिम्मेदारी और न्यायपूर्ण नीतियों से बनता है। यदि कोई देश लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा की बात करता है, तो उसे सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय कानून और दूसरे देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस घटना को केवल एक राजनीतिक समाचार के रूप में न देखे, बल्कि इसे वैश्विक शांति के लिए एक गंभीर चेतावनी के रूप में समझे। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को सक्रिय होकर इस प्रकार की घटनाओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और यह स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि किसी भी देश की संप्रभुता का उल्लंघन स्वीकार्य नहीं है। यह स्थिति न केवल किसी एक क्षेत्र के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। इसलिए आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि विश्व समुदाय शांति, संयम और अंतरराष्ट्रीय मर्यादाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे, ताकि दुनिया को एक और बड़े संघर्ष से बचाया जा सके।

अमेरिका-ईरान युद्ध

# आग का फैलता दायरा और मानवता पर संकट



धीरज सिंह
समाचार संपादक

**आर्थिक दृष्टि से भी यह युद्ध अत्यंत घातक सिद्ध हो सकता है। फारस की खाड़ी से होकर विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है। यदि समुद्री मार्ग बाधित होते हैं या तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचता है, तो कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है।**

आज विश्व एक नए और अत्यंत चिंताजनक दौर में प्रवेश कर चुका है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रत्यक्ष युद्ध की शुरुआत ने पश्चिम एशिया को फिर से बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। वर्षों से चले आ रहे तनाव, प्रतिबंध, परमाणु कार्यक्रम को लेकर अविश्वास और क्षेत्रीय वर्चस्व की होड़ अब खुली सैन्य टकराहट में बदल चुकी है। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, अर्थव्यवस्था और मानवता के भविष्य पर मंडराता गंभीर संकट है।

युद्ध के पहले ही दिन जिन शहरों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया, वहां विस्फोटों की गूंज के साथ भय और अनिश्चितता का माहौल फैल गया। आधुनिक युद्ध अब केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहते। मिसाइल, ड्रोन और वायु हमलों के कारण बड़े शहर भी सीधे खतरे में आ जाते हैं। ईरान की जनसंख्या लगभग 8 करोड़ 50 लाख है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो लाखों नागरिकों के विस्थापित होने की आशंका है। पिछले दो दशकों के युद्धों के अनुभव बताते हैं कि किसी भी बड़े सैन्य संघर्ष में मरने वालों में बड़ी संख्या आम नागरिकों की होती है। अनुमान है कि पश्चिम एशिया के पूर्ववर्ती युद्धों में 4 से 5 लाख से अधिक लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मारे गए, जबकि करोड़ों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए।

युद्ध की विभीषिका केवल मृत्यु तक सीमित नहीं होती। बुनियादी ढांचे का विनाश एक राष्ट्र को वर्षों पीछे धकेल देता है। बिजली संयंत्र, अस्पताल, जल आपूर्ति, संचार तंत्र और परिवहन मार्ग जब नष्ट होते हैं, तो सामान्य जीवन ठहर जाता है। अस्पतालों में दवाओं की कमी, खाद्य संकट और स्वच्छ पानी का अभाव मानवीय त्रासदी को और गहरा कर देता है। संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न मानवीय एजेंसियों के आंकड़े बताते हैं कि युद्धग्रस्त क्षेत्रों में बच्चों और महिलाओं की स्थिति सबसे अधिक दयनीय होती है। कुपोषण, मानसिक आघात और शिक्षा से वंचित रह जाना एक पूरी पीढ़ी को प्रभावित करता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह युद्ध अत्यंत घातक सिद्ध हो सकता है। फारस की खाड़ी से होकर विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है। यदि समुद्री मार्ग बाधित होते हैं या तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचता है, तो कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आ सकता है। इसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयात करने वाले देशों पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, परिवहन और उत्पादन लागत में वृद्धि होगी और वैश्विक बाजार अस्थिर हो सकते हैं। विश्व अर्थव्यवस्था पहले ही कई चुनौतियों से जूझ रही है; ऐसे में एक और व्यापक युद्ध आर्थिक मंदी को जन्म दे सकता है।




रणनीतिक दृष्टि से यह संघर्ष और भी जटिल है। अमेरिका एक महाशक्ति है, जबकि ईरान क्षेत्रीय प्रभाव वाला सशक्त राष्ट्र है। दोनों के पास उन्नत मिसाइल प्रणाली और सैन्य संसाधन हैं। यदि यह युद्ध क्षेत्रीय शक्तियों को भी अपनी चपेट में लेता है, तो इसका दायरा इज़राइल, खाड़ी देश और अन्य पड़ोसी राष्ट्रों तक फैल सकता है। इससे व्यापक क्षेत्रीय अस्थिरता और लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष जन्म ले सकता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या युद्ध किसी स्थायी समाधान की ओर ले जाता है? इतिहास बताता है कि अधिकांश युद्ध अंततः वार्ता की मेज पर ही समाप्त होते हैं। लाखों लोगों की जान जाने और अरबों डॉलर की संपत्ति नष्ट होने के बाद भी समाधान संवाद से ही निकलता है। ऐसे में यदि कूटनीति, बहुपक्षीय समझौते और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के माध्यम से विवाद सुलझाए जा सकते हैं, तो युद्ध का मार्ग क्यों चुना जाए?युद्ध की आग में केवल सैनिक नहीं झुलसते, बल्कि किसान, मजदूर, विद्यार्थी और बच्चे भी इसकी चपेट में आते हैं। हर विस्फोट के साथ एक परिवार बिखरता है, हर मिसाइल के साथ एक भविष्य नष्ट होता है। मानसिक आघात और सामाजिक विघटन के घाव पीढ़ियों तक भर नहीं पाते। युद्ध विजेता और पराजित दोनों के लिए घाव छोड़ता है। विजेता भी आर्थिक, नैतिक और मानवीय हानि उठाता है।

मानव इतिहास बार-बार चेतावनी देता है कि युद्ध अंततः विनाश ही लाता है। इसलिए आज की सबसे बड़ी जरूरत है संवाद, समझ और शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में ठोस पहल। अन्यथा यह आग सीमाओं को लांघकर मानवता को ऐसी कीमत चुकाने पर मजबूर कर सकती है, जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी।

हमारी गीता

## श्रीमद्भगवद्गीता : रथी के आदेश का पालन करे सारथी



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

गांडीव धनुष्य उठाकर अर्जून ने अपने सारथी श्रीकृष्ण को रथ दोनों सेनाओं के बीच खडा करने का आदेश दिया। भगवान की जगह कोई अभिमानी होता तो कह देता – अर्जून, तुम मुझे हुक्म नहीं दे सकते, मैं तुमसे बडा हूं। किंतु यहां भगवानने वही किया जो एक आदर्श सारथी को करना चाहिए। उन्होंने बिना अहंकार, बिना क्रोध और बिना तर्क के अर्जून की आज्ञा का पालन किया। इस प्रसंग से स्पष्ट होता है कि जहां भगवान स्वयं भक्त की आज्ञा मानते हैं, वहां उस भक्त की विजय निश्चित होती है। जब सर्वेश्वर साथ हों, तो फिर क्या अशक्य रह जाता है?

अर्जून की आज्ञा का प्रयोजन भी स्पष्ट था। वह भय के कारण पलायन नहीं कर रहा था। वह युध्द करने की इच्छासे आये हुए योध्दाओं को देखकर निश्चय करना चाहता था कि उसे किन-किन के साथ युध्द करना है। उसने कहा – रथ को ऐसे स्थान पर खडा करो जहां से मैं इन युध्दार्थियों को देख सकूं। अर्जून कोई प्रेक्षक नहीं था जो जैसे क्रिकेट या नाटक देखने आया हो। वह योध्दा था, रणभूमि उसका कर्मक्षेत्र था। रिश्तेदारों के इस युध्द में मेरे प्रतियोगी कौन हैं, मुझे किनके साथ लडना है – यह जानना उसका अधिकार भी था और कर्तव्य भी।



अर्जून दुर्योधन को दुर्बुध्दी दुर्योधन कहता है। साथ ही यह भी जानता है कि द्रोण और भीष्म जैसे पूजनीय जन भी उसके प्रतिद्वंद्वी बनकर खडे हैं। ऐसी स्थिति में मन में द्वंद्व उठना स्वाभाविक था। धृतराष्ट्र के मन में यह शंका हो सकती थी कि कहीं भगवान अहिंसा धर्म का उपदेश देकर युध्द रुकवा न दें। किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। गुडाकेश अर्जून की आज्ञा मिलते ही भगवानने रथ दोनों सेनाओं के बीच खडा कर दिया और कहा – देखो यहां जमे कौरवों को।

यह प्रसंग बताता है कि सच्चा नेतृत्व सेवा भाव में है, अहंकार में नहीं। भगवानने यह नहीं देखा कि अर्जून मेरा सेवक है और मुझे आज्ञा दे रहा है। उन्होंने केवल धर्म की स्थापना के लिए अपना कर्तव्य निभाया। यही गीता का प्रथम संदेश है।

शख्सियत | के. कामराज

## सादगी, सेवा और ईमानदारी की मिसाल



**के. कामराज भारतीय राजनीति के ऐसे अद्भुत व्यक्तित्व थे, जिनका जीवन सादगी, ईमानदारी और जनसेवा का प्रेरक उदाहरण है। उनका जन्म 2 मार्च 1903 को तमिलनाडु के विरुधुनगर में एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता एक छोटे व्यापारी थे, इसलिए परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी। जब कामराज केवल छह वर्ष के थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया। इस घटना ने उनके जीवन को कठिन बना दिया और उन्हें बहुत कम उम्र में ही संघर्ष का सामना करना पड़ा।**

आर्थिक कठिनाइयों के कारण कामराज को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। वे केवल छठी कक्षा तक ही पढ़ सके, लेकिन शिक्षा के प्रति उनका सम्मान और समझ बहुत गहरी थी। यही कारण था कि आगे चलकर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन किए। कम उम्र में ही वे देश की स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलनों से प्रभावित हो गए। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरणा लेकर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेना शुरू किया।

कामराज ने कई आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया और कई बार जेल भी गए। स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था। वे किसी पद या प्रतिष्ठा के लिए नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता और समाज की भलाई के लिए संघर्ष कर रहे थे। यही भावना उनके पूरे जीवन में दिखाई देती है। स्वतंत्रता के बाद कामराज का राजनीतिक जीवन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। 1954 में वे तमिलनाडु (तत्कालीन मद्रास राज्य) के मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने जो कार्य किए, वे आज भी मिसाल माने जाते हैं। उस समय तमिलनाडु के अनेक गांवों में स्कूल नहीं थे और बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा से वंचित थे। कामराज ने निश्चय किया कि हर गांव में स्कूल होना चाहिए। उनके प्रयासों से हजारों नए स्कूल खोले गए।

उन्होंने गरीब बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मध्याह्न भोजन योजना को बढ़ावा दिया। इस योजना का उद्देश्य यह था कि गरीब परिवारों के बच्चे भी भूखे पेट स्कूल आने के बजाय भोजन पाकर पढ़ाई कर सकें। इस कदम ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किया और लाखों बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया।

कामराज का जीवन सादगी का अनूठा उदाहरण था। वे मुख्यमंत्री होते हुए भी अत्यंत साधारण जीवन जीते थे। उनके पास न तो कोई बड़ी संपत्ति थी और न ही सत्ता का अहंकार। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1963 में उन्होंने “कामराज योजना” प्रस्तुत की, जिसके तहत कई वरिष्ठ नेताओं ने पद छोड़कर संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया। इसी कारण उन्हें भारतीय राजनीति में “किंगमेकर” भी कहा जाता है।

आज भी जब ईमानदार राजनीति और जनसेवा की बात होती है, तो के. कामराज का नाम आदर के साथ लिया जाता है। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि यदि संकल्प मजबूत हो और उद्देश्य समाज की भलाई हो, तो साधारण व्यक्ति भी असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकता है।


जीवन ऊर्जा

**2 मार्च 1931 को रूस के एक साधारण किसान परिवार में जन्मे मिखाइल गोर्बाचेव ने अपनी मेहनत और कुशाग्र बुद्धि से सोवियत राजनीति में अपनी जगह बनाई। उन्होंने 'ग्लासनोस्त' (खुलापन) और 'पेरेस्त्रोइका' (पुनर्गठन) जैसी साहसी नीतियों के माध्यम से साम्यवादी व्यवस्था में सुधार की कोशिश की। उनके प्रयासों से बिना रक्तपात के शीत युद्ध का अंत हुआ और बर्लिन की दीवार गिरी।**

मिखाइल गोर्बाचेवः जन्म - 2 मार्च 1931 | जन्म

## इतिहास साहसी लोगों द्वारा लिखा जाता है

शांति का अर्थ केवल युद्ध का अभाव नहीं, बल्कि एक न्यायपूर्ण व्यवस्था है। परमाणु युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता और इसे कभी लड़ा भी नहीं जाना चाहिए। हथियारों की दौड़ मानवता के विरुद्ध एक अपराध है। सुरक्षा साझा होनी चाहिए, वरना वह किसी के पास नहीं होगी। शक्ति का प्रयोग वहीं होता है, जहाँ संवाद विफल हो जाता है। दुनिया को दीवारों की नहीं, पुलों की जरूरत है। असली जीत वह है जिसमें कोई पक्ष पराजित महसूस न करे। लोकतंत्र हवा की तरह है; इसके बिना दम घुटने लगता है। परिवर्तन दर्दनाक होता है, लेकिन जड़ता जानलेवा होती है। यदि हम खुद को नहीं बदलते,



तो भविष्य हमें बदल देगा। खुलापन (ग्लासनोस्त) समाज की शुद्धि का एकमात्र मार्ग है। सुधार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसकी कोई अंतिम मंजिल नहीं होती। व्यवस्था को मनुष्य के लिए होना चाहिए, न कि मनुष्य को व्यवस्था के लिए। जो समय के साथ नहीं चलते, इतिहास उन्हें पीछे छोड़ देता है।

राजनीति का अंतिम लक्ष्य मानवीय गरिमा की रक्षा होना चाहिए। हम सभी एक ही जहाज (पृथ्वी) के यात्री हैं, इसे डूबने से बचाना होगा। सच्ची प्रगति वह है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। अतीत की गलतियों को स्वीकारना ही भविष्य की नींव है। सत्य कड़वा हो सकता है, लेकिन वह झूठ से हमेशा बेहतर होता है। मानवीय जीवन की रक्षा से बड़ा कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। एक बेहतर दुनिया संभव है, यदि हम डर को त्याग दें।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



## नारद : लोककल्याण के अनवरत पथिक

भारतीय पुराणों और महाकाव्यों में देवर्षि नारद का व्यक्तित्व अद्वितीय और बहुआयामी है। उन्हें ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में एक माना गया है। देवताओं के ऋषि होने के कारण ही उन्हें “देवर्षि” की उपाधि प्राप्त हुई। वे ज्ञान, भक्ति और संचार के प्रतीक माने जाते हैं। दैत्य हों या देवता, सभी उनके ज्ञान और निष्पक्षता का सम्मान करते हैं। वे अजर-अमर माने गए हैं और भगवान विष्णु के परम भक्त के रूप में विख्यात हैं। उनकी वीणा “महती” से निरंतर “नारायण-नारायण” की ध्वनि गूंजती रहती है, जो उनके जीवन का मूल मंत्र है। पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी ने नारद को सृष्टि विस्तार का कार्य करने का आदेश दिया था, किंतु नारद का मन सांसारिक सृजन में नहीं, बल्कि ईश्वर भक्ति और वैराग्य में रमा हुआ था। उन्होंने पिता के आदेश को स्वीकार नहीं किया। इस पर ब्रह्मा जी ने उन्हें आजीवन अविवाहित रहने का श्राप दिया। किंतु नारद ने इसे भी ईश्वरीय इच्छा मानकर सहर्ष स्वीकार किया और स्वयं को पूर्णतः भक्ति और लोककल्याण के मार्ग पर समर्पित कर दिया। देवर्षि नारद को सृष्टि का प्रथम संदेशवाहक या पत्रकार भी कहा जाता है। वे एक लोक से दूसरे लोक तक निरंतर भ्रमण करते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। तीनों लोकों में उनका निर्बाध प्रवेश था। वे जहां भी जाते, वहां धर्म, नीति और भक्ति का संदेश देते। किंतु उनके इस सतत भ्रमण के पीछे एक महत्वपूर्ण कथा जुड़ी है, जो उनके जीवन को और भी रोचक बनाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रजापति दक्ष की पत्नी से दस हजार पुत्र उत्पन्न हुए थे। दक्ष चाहते थे कि उनके पुत्र सृष्टि विस्तार में योगदान दें। किंतु नारद जी ने उन युवकों को वैराग्य और मोक्ष का उपदेश दिया। उनके उपदेश से वे सभी सांसारिक मोह त्यागकर तप और भक्ति के मार्ग पर चल पड़े। परिणामस्वरूप वे राजपाट और सृष्टि विस्तार के कार्य से विमुख हो गए। यह देखकर प्रजापति दक्ष अत्यंत क्रोधित हुए। उन्होंने नारद को श्राप दिया कि वे किसी भी एक स्थान पर दो घड़ी से अधिक नहीं रुक पाएंगे। वे सदा एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहेंगे।



दक्ष का भय यह था कि यदि नारद इसी प्रकार लोगों को वैराग्य का उपदेश देते रहे, तो सृष्टि का विस्तार रुक जाएगा। इसलिए यह श्राप वास्तव में सृष्टि संतुलन बनाए रखने का एक उपाय भी था। किंतु नारद ने इस श्राप को भी लोककल्याण का माध्यम बना लिया। वे निरंतर यात्राएं करते रहे, विभिन्न लोकों में धर्म और भक्ति का प्रचार करते रहे। इस प्रकार उनका भ्रमण दंड नहीं, बल्कि दैवी योजना का अंग बन गया।

कठिन तपस्या और साधना के बल पर नारद ने ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त किया। वे भक्ति और संकीर्तन के आद्य आचार्य माने जाते हैं। उनके द्वारा रचित “नारद भक्ति सूत्र” भक्ति मार्ग का महत्वपूर्ण ग्रंथ माना जाता है। उन्होंने सदैव यह संदेश दिया कि ईश्वर की सच्ची भक्ति ही जीवन का परम उद्देश्य है।

देवर्षि नारद का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी यदि सकारात्मक दृष्टि से स्वीकार की जाएं, तो वे लोककल्याण का साधन बन सकती हैं। श्राप को भी उन्होंने वरदान में परिवर्तित कर दिया। यही कारण है कि सभी युगों में, सभी लोकों में और समाज के सभी वर्गों में नारद जी की मान्यता और प्रतिष्ठा बनी रही है। वे आज भी भक्ति, ज्ञान और सतत कर्म के प्रेरक प्रतीक के रूप में स्मरण किए जाते हैं।

अपने विचार

आयतुल्ला अली खामेनेई को निशाना बनाना बेहद खतरनाक कदम है। खामेनेई न केवल ईरान के सर्वोच्च नेता हैं बल्कि पूरी इस्लामी दुनिया में, खासकर शिया समुदाय के बीच, बेहद ही सम्मानित धार्मिक प्राधिकारी हैं. शिया समुदाय के लिए उनका शब्द अंतिम माना जाता है।



असदुद्दीन ओवैसी
अध्यक्ष,AIMIM

जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और DMK उनका समर्थन कर रही थी, तब उनकी सरकार ने जल्लिकट्टू पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना जारी की। हमने अध्यादेश लाकर जल्लिकट्टू को बचाया और जारी रखने का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही, हमने तमिल संस्कृति का सम्मान करते हुए संसद में सेंगोल को गौरवपूर्ण स्थान प्रदान किया।



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री,भारत

अभी जो कुछ हो रहा है, उसे समझ पाना बहुत मुश्किल है। ऊपर से हो रहे इंटरसेप्शन की आवाज़ें सुनना और इतनी तेज़ी से हालात का बिगड़ना सच में डरावना है। कई परेशान करने वाले वीडियो सामने आ रहे हैं, और यह दुखद सच्चाई है कि यही इस समय की वास्तविकता है। दुबई एक ऐसा शहर है जिसे मैं दिल से चाहती हूं।



पी. वी. सिंधु
बैडमिंटन स्टार

मैं यहां बैठे कांग्रेस नेतृत्व को संदेश देना चाहता हूं. काम टीम वर्क से होता है. एक खिलाड़ी कुछ नहीं कर सकता. पार्टी से बड़ा कोई नहीं है. इसलिए टीम प्लेयर बनिए, नहीं तो हम आपको रिजर्व खिलाड़ी बना देंगे।



राहुल गांधी
नेता, विपक्ष

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार “माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. ” के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### मालेगांव में हाई टेंशन लाइन हादसा: मिट्टी पिघली और बनी 'लावा'

**मालेगांव ।** मालेगांव के दरेगांव इलाके में बिजली कंपनी की कथित लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की विफलता के कारण एक खतरनाक घटना सामने आई। शनिवार रात 11,000 वोल्ट की हाई टेंशन लाइन जमीन पर गिर गई, जिससे अत्यधिक गर्मी से मिट्टी पिघलकर लावा जैसी तरल और काली स्थिति में बदल गई। स्थानीय निवासी उमैर अंसारी ने बताया कि करंट रातभर जमीन में उतरता रहा, लेकिन मालेगांव पावर सप्लाई लिमिटेड की स्वचालित सुरक्षा प्रणाली (सर्किट ब्रेकर) ने ट्रिप नहीं किया। बिजली आपूर्ति लगातार जारी रहने से प्रभावित स्थान धधकती भट्टी में तब्दील हो गया और पिघली मिट्टी कांच जैसा काला पदार्थ बन गई। इस घटना से स्टेप पोटेंशियल का गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ, जिससे वहां से गुजरने वाले किसी भी व्यक्ति या मवेशी की मौके पर ही मौत हो सकती थी। यदि आसपास सूखी घास या ज्वलनशील सामग्री होती, तो शहर में भीषण आग लग सकती थी। उमैर अंसारी ने अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने पूछा कि सुरक्षा तंत्र समय पर क्यों सक्रिय नहीं हुआ और पूरी सुरक्षा ऑडिट कराने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी जानलेवा घटनाओं को रोका जा सके।

### होली-रमजान से पहले अमरावती में यातायात नियमों पर सख्ती: एक ही दिन में 203 चालान

**अमरावती।** आगामी होली, धुलीवंदन और रमजान ईद को ध्यान में रखते हुए अमरावती ग्रामीण जिले में पुलिस ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक विशाल आनंद के निर्देश पर जिला यातायात शाखा और सभी थाना प्रभारियों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और अवैध यात्री परिवहन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।जिला यातायात शाखा ने नागरिकों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करें, वाहन तेज और लापरवाही से न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें और नो पार्किंग क्षेत्रों में वाहन न खड़ा करें। मालवाहक वाहन चालक अवैध रूप से यात्रियों का परिवहन न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर दंडात्मक और न्यायालयीन कार्रवाई होगी। अमरावती जिला यातायात शाखा और मोर्शी पुलिस स्टेशन की टीम ने मोर्शी शहर क्षेत्र में अभियान चलाया। इसके दौरान अवैध यात्री परिवहन के 4 प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा बिना हेलमेट दोपहिया चलाने, ट्रिपल सीट वाहन चलाने, सीट बेल्ट न लगाने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने और मालवाहक वाहनों में खतरनाक तरीके से मजदूर ले जाने के कुल 203 प्रकरण दर्ज किए गए, जिन पर 1,05,600 रुपये का जुर्माना तय किया गया।

# राज्य में भूमि अभिलेख प्रणाली को बनाया जाएगा देश में सर्वश्रेष्ठ : राजस्व मंत्री

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार राज्य में भूमि अभिलेख प्रणाली को देश की सर्वश्रेष्ठ व्यवस्था बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में 'छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व समाधान शिविर अभियान (चरण-1)' के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार भूमि अभिलेख व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, गतिशील और जनोन्मुख बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान का उद्देश्य राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान सीधे नागरिकों के द्वार तक पहुंचाकर करना है।

### शिविरों में मिलेंगी प्रमुख सेवाएं



इन समाधान शिविरों के माध्यम से निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी- नामांतरण व फेरफार प्रकरणों का निपटारा, भूमि अभिलेख सुधार, आय, जाति, अधिवास और नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र, अकृषक अनुमति, ग्राम दप्तर का अद्यतनीकरण। मंत्री ने बताया कि अगले दो वर्षों में विभाग के लंबित मामलों का निराकरण, कार्यालयों का आधुनिकीकरण और ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

### मार्च से मई 2026 तक चलेगा अभियान

अभियान के पहले चरण के तहत 7 व 14 मार्च, 10 व 17 अप्रैल तथा 8 व 15 मई 2026 को विभिन्न स्तरों पर शिविर लगाए जाएंगे। मंत्री बावनकुले ने विश्वास जताया कि इस पहल से महाराष्ट्र राजस्व सेवाओं के क्षेत्र में देश का आदर्श राज्य बनकर उभरेगा।

### आमजन को राहत देने पर जोर

राजस्व मंत्री ने कहा कि किसानों, महिलाओं, छात्रों और आम नागरिकों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए जिला और तहसील स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राजस्व से जुड़े मामलों का त्वरित और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव विकास खारगे उपस्थित रहे, जबकि जमाबंदी आयुक्त और भूमि अभिलेख संचालक सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े।

## बदलापुर में आपत्तिजनक वीडियो पर बवाल, युवती गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । बदलापुर**




सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक आपत्तिजनक धार्मिक बयान वाले वीडियो के बाद शहर में तनाव की स्थिति बन गई। कार चलाते समय बनाई गई इस वीडियो क्लिप को युवती ने अपनी स्टोरी पर साझा किया था, जिसके वायरल होते ही विभिन्न हिंदू संगठनों ने विरोध जताया और बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती को गिरफ्तार कर लिया और रविवार को अंबरनाथ अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को शांत किया। मामले के सामने आने के बाद पता चला कि आरोपी युवती की मां भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की स्थानीय पदाधिकारी थीं। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष चित्रा वाघ ने घटना की निंदा करते हुए बताया कि संबंधित पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। स्थानीय विधायक किसन कथोरे ने भी घटना पर नाराजगी जताई और शहर की छवि खराब न करने की अपील की। कुछ समय के लिए रिक्शा चालकों और दुकानदारों ने विरोधस्वरूप काम बंद रखा। युवती के माता-पिता ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वीडियो को आगे साझा न करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल शहर में स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## राज्यसभा चुनाव में नया ट्विस्टः 7 सीटों पर उतरेगी महायुति?

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

देशभर में राज्यसभा की 37 सीटों के लिए 16 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र भाजपा नेतृत्व को सातवीं सीट पर भी उम्मीदवार उतारने के निर्देश दिए हैं। भारतीय जनता पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण 27 फरवरी 2026 को अचानक दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरे को राज्यसभा सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों के चयन से जोड़कर देखा जा रहा है। मौजूदा संख्या बल के आधार पर महायुति को छह सीटों पर जीत सुनिश्चित मानी जा रही थी—भाजपा 4, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) 1 और शिवसेना (शिंदे गुट) 1। लेकिन अब सातवीं सीट के लिए भाजपा को करीब 20 अतिरिक्त वोटों की जरूरत होगी।

### विपक्ष में मतभेद से बढ़ी उम्मीद



सूत्रों का दावा है कि विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी में चल रही खींचतान से महायुति को फायदा मिलने की उम्मीद है। एक सीट पर उम्मीदवार को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के बीच मतभेद की चर्चा है। बताया जा रहा है कि इसी स्थिति का लाभ उठाकर सातवीं सीट पर जीत की रणनीति बनाई जा रही है।

### संभावित उम्मीदवारों की सूची

भाजपा की ओर से चार सीटों के लिए करीब 25 दावेदारों की सूची केंद्रीय नेतृत्व को भेजी गई है। प्रमुख नामों में-नवनीत राणा, हंसराज अहीर, अशोक नेते इन नेताओं ने राज्यसभा भेजे जाने की मांग की है।

### आज हो सकता है फैसला

रवींद्र चव्हाण ने संकेत दिए हैं कि उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम निर्णय पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति लेगी। अमित शाह के निर्देश के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि भाजपा चार की जगह पांच उम्मीदवार उतार सकती है। सातवीं सीट के समीकरण और संभावित उम्मीदवार को लेकर दिल्ली में होने वाली बैठक पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## पुणे मनपा खुद लागू करेगी 'रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण योजना'

**डीबीडी संवाददाता । पुणे**

पुणे महानगरपालिका ने महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित 'रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण योजना' को अब ठेकेदारों के बजाय सीधे मनपा स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया है। पहले इस योजना के लिए जारी निविदाएं दो निर्माण क्षेत्र के ठेकेदारों को दी गई थीं, जिस पर स्थायी समिति की बैठक में तीखा विरोध और मतभेद सामने आया। विवाद के बाद प्रशासन ने फैसला लिया कि योजना को शहर के सभी 15 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से सीधे मनपा द्वारा संचालित किया जाएगा।

### प्रत्येक वार्ड को 10 लाख रुपये

योजना के तहत प्रत्येक वार्ड के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका क्रियान्वयन समाज विकास विभाग के माध्यम से किया जाएगा। हाल ही में हुए मनपा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 119 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। स्थायी समिति के 16 सदस्यों में से 10 सदस्य भाजपा के होने से समिति में उसका स्पष्ट वर्चस्व है, जिससे नीतिगत निर्णयों में उसकी भूमिका निर्णायक मानी जा रही है।

### 2016 में हुई थी योजना की शुरुआत

'रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण योजना' की शुरुआत वर्ष 2016 में तत्कालीन स्थायी समिति अध्यक्ष अश्विनी कदम की पहल पर की गई थी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं के लिए शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिविर और क्षमता निर्माण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कोरोना काल और प्रशासक शासन के दौरान योजना कुछ वर्षों तक स्थगित रही, जिसे अब पुन: प्रारंभ किया गया है। स्थायी समिति के अध्यक्ष श्रीनाथ भिमाले ने बताया कि पहले यह योजना 11 क्षेत्रीय कार्यालयों तक सीमित थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 कार्यालयों में लागू किया जाएगा।

## दिनेश शिंदे बने शिवसेना के राष्ट्रीय सह-समन्वयक

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शिवसेना के शिंदे गुट के मीडिया समन्वयक दिनेश शिंदे को पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति शिवसेना के प्रमुख नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में की गई है। अब तक राज्य में मीडिया समन्वयक की भूमिका निभा रहे दिनेश शिंदे को पार्टी का प्रभारी राष्ट्रीय सह-समन्वयक नियुक्त किया गया है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए विश्वास जताया कि वे राष्ट्रीय स्तर पर बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व विचारों और आनंद दिघे की सेवा परंपरा का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।



### आभार व्यक्त किया

राष्ट्रीय सह-समन्वयक बनाए जाने पर दिनेश शिंदे ने शिवसेना के मुख्य सचिव संजय मोरे और मुख्य नेता एकनाथ शिंदे का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय स्तर पर शिवसेना की विचारधारा और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जनहित कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

### राष्ट्रीय विस्तार की रणनीति

पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय विस्तार की रणनीति का हिस्सा है। आगामी चुनावों और विभिन्न राज्यों में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से दिनेश शिंदे को यह जिम्मेदारी दी गई है, ताकि पार्टी की गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर गति मिल सके।

## मुंबई में ही चाहिए घर, 10 मार्च को विधानसभा घेरेंगे मिल कामगार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

वर्षों से अपने हक के आवास की प्रतीक्षा कर रहे मिल कामगारों में अब नाराज़गी खुलकर सामने आ रही है। बंद पड़ी कपड़ा मिलों की जमीन पर श्रमिकों को घर देने का फैसला पहले ही लिया जा चुका था, लेकिन अब तक उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है। सरकार की ओर से ठाणे और रायगढ़ जिलों में आवास देने की योजना पर मिल कामगारों ने आपत्ति जताई है। उनका स्पष्ट कहना है कि उन्हें मुंबई के बाहर नहीं, बल्कि मुंबई शहर में ही घर दिए जाएं। इसी मांग को लेकर 10 मार्च को विधानसभा पर 'निर्धार मोर्चा' निकालने का ऐलान किया गया है।

### सावंतवाड़ी में हुई रणनीतिक बैठक

सिंधुदुर्ग के सावंतवाड़ी में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ के उपाध्यक्ष बजरंग चव्हाण ने बताया कि मुंबई में आवास के अधिकार के लिए 16 मजदूर संगठनों ने एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान 10 मार्च को विशाल 'निर्धार मोर्चा' निकाला जाएगा। चव्हाण ने दोहराया कि मिल मजदूरों को शेलू या वंगानी जैसे बाहरी क्षेत्रों में नहीं, बल्कि मुंबई में ही घर मिलने चाहिए।



### न्याय की लड़ाई जारी

करीब 1 लाख 70 हजार मजदूरों ने घरों के लिए आवेदन किया है, जिनमें से लगभग 1 लाख 25 हजार आवेदनों के पात्र होने की संभावना जताई जा रही है। मजदूर संगठनों का कहना है कि 1 अक्टूबर 1981 के बाद हड़ताल पर गए मजदूरों को भी न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी।संघ के कोषाध्यक्ष निवृत्ति देसाई ने कहा कि मुंबई को आर्थिक राजधानी बनाने में मिल मजदूरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की कि मजदूरों के आवास का मुद्दा शीघ्र सुलझाया जाए।मजदूर नेताओं का कहना है कि विधानसभा में कई बार यह मुद्दा उठ चुका है, लेकिन अब ठोस निर्णय का समय आ गया है।

### 58 बंद मिलों से जुड़ा है मुद्दा

एक समय मुंबई की पहचान रही कपड़ा मिलें 1980 और 1990 के दशक में धीरे-धीरे बंद होती चली गईं। नेशनल टेक्सटाइल्स कॉरपोरेशन (एनटीसी) और सेंचुरी टेक्सटाइल्स सहित कुल 58 बंद मिलों में लाखों कामगार कार्यरत थे। मिलों के बंद होने के बाद बेरोजगार हुए कामगारों और उनके वारिसों को मिल की जमीन बेचकर आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था, लेकिन प्रक्रिया लंबी खिंचती रही।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** मानसिक शांति के लिए किए गए प्रयास सफल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**वृष** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। आराम का समय नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। खोई हुई वस्तु मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**कन्या** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग ले सकते हैं। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

**तुला** किसी तरह से बड़ा लाभ होने की संभावना है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी तरह के विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में नया कार्य मिल सकता है।

**वृश्चिक** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान व कमजोरी रह सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। बेवजह चिड़चिड़ापन रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में मन नहीं लगेगा।

**धनु** भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से हानि होगी।

**मकर** मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ** घर, दुकान, फैक्टरी व शोरूम इत्यादि के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रुके काम बनेंगे। घर-बाहर उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**मीन** प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में मातहत साथ देंगे।

## संघर्ष, रूपांतरण और मोक्ष के सौंदर्य का दिव्य रहस्य

वैदिक ज्योतिष में शुक्र ग्रह को प्रेम, आकर्षण, सौंदर्य, प्रजनन शक्ति, कला, आनंद और भौतिक सुखों का मूल कारक माना गया है। यह केवल बाहरी सुंदरता का प्रतीक नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन, हार्मोनल समन्वय और मानसिक आनंद का भी सूचक है। जब यह शक्तिशाली ग्रह त्रिक भावों—षष्ठम, अष्टम और द्वादश—में स्थित होता है, तब यह व्यक्ति के जीवन में एक गहरे परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करता है। यह परिवर्तन केवल भौतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक, जैविक और आध्यात्मिक स्तर पर भी प्रभाव डालता है। इन भावों में शुक्र व्यक्ति को यह सिखाता है कि वास्तविक आनंद बाहरी परिस्थितियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन और चेतना में निहित होता है।




**प्रियंका जैन**
**97699 94439**

षष्ठम भाव में स्थित शुक्र व्यक्ति के जीवन में संघर्ष के माध्यम से सौंदर्य और संतुलन का निर्माण करता है। यह भाव शत्रु, रोग, ऋण और सेवा का प्रतिनिधित्व करता है। सामान्यतः यह एक चुनौतीपूर्ण भाव माना जाता है, लेकिन जब शुक्र यहाँ स्थित होता है, तो यह संघर्ष को सृजन में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से शुक्र शरीर में गुर्दे, प्रजनन तंत्र, त्वचा और हार्मोनल संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है। जब यह षष्ठम भाव में होता है, तो व्यक्ति के शरीर में Fluid-Electrolyte Balance और Hormonal Regulation अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग रहना पड़ता है, विशेषकर मूत्र तंत्र, त्वचा और रक्त शर्करा से संबंधित मामलों में।

मनोवैज्ञानिक रूप से यह स्थिति व्यक्ति को अत्यंत विनम्र और सहनशील बनाती है। ऐसे व्यक्ति अपने विरोधियों को भी प्रेम, शिष्टाचार और धैर्य से जीतने का प्रयास करते हैं। यह एक प्रकार की ₹Emotional Intelligence₹ है, जो उन्हें सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में सफलता दिलाती है। यह स्थिति व्यक्ति को सेवा से जुड़े क्षेत्रों—जैसे चिकित्सा, सौंदर्य उद्योग, फैशन, डिजाइन या परामर्श—में उत्कृष्टता प्राप्त करने की क्षमता देती है। यह शुक्र व्यक्ति को ₹Silent Healer₹ बनाता है, जिसकी उपस्थिति ही दूसरों के मानसिक तनाव को कम कर सकती है।

अष्टम भाव में स्थित शुक्र सबसे रहस्यमयी और परिवर्तनकारी प्रभाव उत्पन्न करता है। यह भाव मृत्यु, पुनर्जन्म, गुप्त ज्ञान, आनुवंशिक ऊर्जा और अचानक होने वाले परिवर्तनों का प्रतिनिधित्व करता है। जब शुक्र यहाँ स्थित होता है, तो यह व्यक्ति को गहरी आंतरिक शक्ति और पुनर्जनन की क्षमता प्रदान करता है। जैविक स्तर पर यह स्थिति Cellular Regeneration और Endocrine System के संतुलन को प्रभावित करती है। इसका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति संकटों से जल्दी उबरने की क्षमता रखता है और उसकी शारीरिक पुनर्निर्माण क्षमता अधिक मजबूत होती है।

यह स्थिति व्यक्ति के व्यक्तित्व में एक चुंबकीय आकर्षण उत्पन्न करती है। ऐसे व्यक्ति स्वाभाविक रूप से रहस्यमयी और आकर्षक होते हैं। उनका आभामंडल दूसरों को अपनी ओर खींचता है। यह स्थिति व्यक्ति को गूढ़ विद्याओं, तंत्र, मनोविज्ञान और जीवन के गहरे रहस्यों को समझने की क्षमता प्रदान करती है। यह शुक्र व्यक्ति को संकट के समय मानसिक रूप से मजबूत बनाता है और उसे जीवन की कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने की शक्ति देता है।

**शहरी वन अभियान:** 60 मिनट में रोपे गए 251446 पौधे

# बनारस ने तोड़ा चीन का रिकॉर्ड

- 2018 में चीन के हेनान प्रांत में रोपे गए थे 1.53 लाख पौधे
- GWR टीम की मौजूदगी में काशीवासियों ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी | वाराणसी

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए काशी ने रविवार को एक घंटे के भीतर 2,51,446 पौधों का रोपण कर नया वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया। रामनगर के डोमरी क्षेत्र में विकसित किए जा रहे 'शहरी वन' परिसर में आयोजित इस महाअभियान को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड ने आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया।निर्धारित 60 मिनट की समयावधि में संपन्न इस अभियान ने वर्ष 2018 में चीन के हेनान प्रांत द्वारा बनाए गए 1,53,981 पौधरोपण के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गिनीज के आधिकारिक निर्णायक ऋषि नाथ ने स्थल पर मौजूद रहकर ड्रोन निगरानी और डिजिटल गणना प्रणाली के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि की पुष्टि की। सत्यापन के उपरांत महापौर अशोक कुमार तिवारी को प्रमाणपत्र सौंपा गया।

### 350 बीघा में 'मियावाकी' शहरी वन



सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र के लगभग 350 बीघा भूभाग पर विकसित यह परियोजना मियावाकी तकनीक पर आधारित है, जिसे जापानी वनस्पति वैज्ञानिक अकीरा मियावाकी ने विकसित किया था। इस पद्धति में सीमित स्थान पर घने और बहु-स्तरीय जंगल का निर्माण किया जाता है, जिससे पौधों की वृद्धि दर सामान्य से कई गुना अधिक होती है।

### 60 खंड में 27 देशी प्रजातियों के पौधे

विशेषज्ञों के अनुसार दो से तीन वर्षों में यह क्षेत्र सघन हरित पट्टी का रूप ले लेगा। वन क्षेत्र को 60 खंडों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक खंड का नाम काशी के प्रमुख गंगा घाटों के नाम पर रखा गया है, जिनमें दशाश्वमेध घाट, मणिकर्णिका घाट और केदार घाट शामिल हैं। प्रत्येक सेक्टर में औसतन चार हजार से अधिक पौधे लगाए गए। कुल 27 देशी प्रजातियों—जैसे शीशम, अर्जुन, सागौन, बांस—के साथ फलदार एवं औषधीय पौधों को भी प्राथमिकता दी गई।

### जनसहभागिता और संस्थागत समन्वय

अभियान में नगर निगम, वन विभाग, नमामि गंगे, कृषि विभाग और अन्य सरकारी इकाइयों ने समन्वित भूमिका निभाई। सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस बलों की सक्रिय भागीदारी रही।

# गांजा लेकर फ्लाइट से उतरे तस्कर

- लखनऊ एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी का पर्दाफाश
- बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास मिली 18 करोड़ की ड्रग

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर राजस्व खुफिया एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास से करोड़ों रुपये मूल्य का प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया है। जब्त की गई खेप का वजन लगभग 18 किलोग्राम है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 18 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई (डीआरआई) की टीम ने की। अधिकारियों के अनुसार, थाई एयर एशिया की उड़ान एफडी-146 से बैंकॉक से लखनऊ पहुंचे दो यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं।



### 12 पैकेट में हाइड्रोपोनिक वीड बरामद

प्रोफाइलिंग और प्रारंभिक पूछताछ के बाद दोनों को रोककर विस्तृत तलाशी ली गई। जांच के दौरान उनके सामान से 12 पॉलिथीन पैकेट में पैक हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च गुणवत्ता वाला गांजा) बरामद हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, यह सामान्य गांजे की तुलना में अधिक शक्तिशाली और महंगा होता है, जिसे नियंत्रित वातावरण में उगाया जाता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग अधिक रहती है।

### फराज यूपी का तो नीतू झारखंड की

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी मो. फराज तथा झारखंड निवासी महिला नीतू के रूप में हुई है। दोनों को हिरासत में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। जब्त मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम के तहत सील कर विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। डीआरआई अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य संभावित लिंक की पड़ताल की जा रही है।

# विमानन विश्वविद्यालय को मिले दो एयरक्राफ्ट



अमेठी के छात्र-छात्राओं को मिलेगा हैंड्स-ऑन अनुभव

**अमेठी।** अमेठी स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय में व्यावहारिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विश्वविद्यालय को शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए दो विमान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें से एक विमान परिसर में पहुंच चुका है, जबकि दूसरा शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा। परिसर में विमान की उपलब्धता से एविएशन साइंस और एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष तकनीकी अध्ययन का अवसर मिलेगा। अब छात्र केवल सैद्धांतिक पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वास्तविक एयरक्राफ्ट की संरचना, मैकेनिकल एवं एवीओनिक्स सिस्टम, सुरक्षा तंत्र और रखरखाव प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अवलोकन कर सकेंगे। इससे उनकी तकनीकी दक्षता और इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### लखनऊ का कान्हा उपवन अब GMP प्रमाणित

**लखनऊ।** निराश्रित एवं बीमार गोवंशों के संरक्षण के लिए संचालित नादरगंज-अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला ने गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। पहले ही आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त कर चुकी इस गौशाला को अब गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है, जिससे इसकी व्यवस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। प्रमाणन प्रक्रिया के तहत अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन की विशेषज्ञ टीम ने गौशाला की संचालन प्रणाली, पशु देखभाल व्यवस्था, स्वच्छता मानक, अभिलेख संधारण और प्रबंधन तंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया।

### इजरायल में UP के 6,004 श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित

**लखनऊ।** इजरायल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी 6,004 श्रमिक सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रदेश के श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों एवं उनके परिवारों की चिंताओं से पूरी तरह अवगत है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंत्री ने बताया कि श्रम विभाग इजरायल स्थित भारतीय दूतावास और National Skill Development Corporation (एनएसडीसी) के साथ निरंतर समन्वय बनाए हुए है।

# अली खामेनेई की मौत के बाद UP में प्रदर्शन

- कई जनपदों में शिया समुदाय के लोगों ने जताया शोक
- सभा और जुलूस के मद्देनजर कड़ी की गई सूबे की सुरक्षा

एजेंसी | लखनऊ

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की खबर सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शिया समुदाय के लोगों ने शोक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए। राजधानी लखनऊ में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे, जबकि अन्य जिलों में भी सभाएं और जुलूस निकाले गए। लखनऊ में प्रदर्शन की शुरुआत छोटा इमामबाड़ा परिसर से हुई, जहां से हाथों में पोस्टर लिए लोगों ने पैदल मार्च निकाला। कई महिलाएं शोक व्यक्त करते हुए मातम करती नजर आईं।



### बरेली, जौनपुर, संभल में भी शोकसभा

राज्य के अन्य जिलों—जैसे बरेली, जौनपुर और संभल—में भी प्रदर्शन और शोक सभाओं की सूचना है। बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। प्रदेशभर में बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए हैं।

### शिया पर्सनल ला बोर्ड ने की शोक की घोषणा

लखनऊ की शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने घटना की निंदा करते हुए वैश्विक स्तर पर विरोध की अपील की। वहीं ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिवसीय शोक की घोषणा की है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास के अनुसार, इस अवधि में कई धार्मिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे। शोक के मद्देनज़र बड़ा और छोटा इमामबाड़ा तीन दिन तक पर्यटकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## हत्याकांड का खुलासा, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा क्षेत्र में 20 दिन पूर्व मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए हत्या की साजिश का पर्दाफाश किया है। आपत्तिजनक वीडियो के जरिए दबाव बनाए जाने से नाराज एक महिला और उसके परिजनों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने इस प्रकरण में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य साजिश में शामिल दंपति अभी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि लकहर के समीप नत्थोपुर-लोहटा मार्ग पर एक शव मिला था, जिसकी पहचान आजमगढ़ निवासी पंकज गुप्ता के रूप में हुई थी।

आजमगढ़ के अविनाश ने खड़ी की डिजिटल लाइब्रेरी

# किसान का बेटा बना उद्यमी

एजेंसी | लखनऊ

युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगा है। इस योजना के माध्यम से आजमगढ़ के 25 वर्षीय अविनाश सिंह ने सीमित संसाधनों के बावजूद डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल करते हुए अपनी पहचान बनाई है।




### बिना गारंटी ऋण और उद्यम की शुरुआत

फरवरी 2025 में State Bank of India से उन्हें पांच लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जो बिना किसी जमानत के प्रदान किया गया। राशि दो किस्तों में सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की गई।

### साधारण पृष्ठभूमि से उद्यमिता की ओर

बीएससी (गणित) की पढ़ाई इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी करने वाले अविनाश किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। परिवार में माता-पिता और पांच भाई-बहनों के बीच बड़े बेटे होने के नाते आर्थिक जिम्मेदारी उनके कंधों पर थी। पारंपरिक नौकरी की राह छोड़ उन्होंने स्वरोजगार को प्राथमिकता दी और शिक्षा क्षेत्र में संभावनाएं तलाशीं।

## व्यापार जगत

फरवरी में FPI ने की वापसी, 17 माह के उच्च स्तर पर

# भारत में 22,615 करोड़ का निवेश

- भारत-अमेरिका के अंतरिम व्यापार समझौते का असर

**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) ने भारतीय इक्विटी बाजार में शुद्ध रूप से 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह पिछले 17 महीनों में सर्वाधिक मासिक निवेश है। बाजार विशेषज्ञ इसे भारत-अमेरिका के अंतरिम व्यापार समझौते, घरेलू शेयर मूल्यों में हालिया सुधार और कंपनियों की मजबूत तिमाही आय से जोड़कर देख रहे हैं। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार यह प्रवाह ऐसे समय में आया है जब पिछले तीन महीनों में एफपीआई लगातार बिकवाली कर रहे थे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई थी। पूरे वर्ष 2025 के दौरान विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 1.66 ट्रिलियन रुपये (करीब 18.9 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले थे, जिससे विदेशी निवेश परिदृश्य दबाव में रहा।




### व्यापारिक अनिश्चितताओं में आई कमी

इसी तरह Groww Mutual Fund के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वरुण गुप्ता ने कहा कि कॉर्पोरेट आय में सुधार, शेयर मूल्यों में समायोजन और व्यापारिक अनिश्चितताओं में कमी से निवेशकों की रुचि बढ़ी है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत द्वारा यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम सहित विभिन्न क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (FTAs) पर प्रगति निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत है।

### सेकेंडरी मार्केट पर केंद्रित रहा निवेश

विश्लेषकों के मुताबिक फरवरी का अधिकांश निवेश सेकेंडरी मार्केट में केंद्रित रहा, जो जोखिम लेने की क्षमता में सुधार और वैल्यूएशन के आकर्षक स्तर को दर्शाता है। Ventura Securities के शोध प्रमुख विनीत बोलींजार ने कहा कि भारी बहिर्वाह के बाद विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार में पुनः अवसर दिखाई दे रहे हैं।

Angel One Ltd के वरिष्ठ फंडामेंटल विश्लेषक जावेद खान के अनुसार निवेश प्रवाह के पीछे तीन प्रमुख कारक हैं—भारत-अमेरिका व्यापारिक समझ में प्रगति, मूल्यांकन में सुधार और वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (Q3 FY26) में 14.7 प्रतिशत की आय वृद्धि। उनका मानना है कि ये संकेत भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास संभावनाओं पर निवेशकों के भरोसे को प्रतिबिंबित करते हैं।

# दबाव में बाजार, मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

**नई दिल्ली।** बीते कारोबारी सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहा, जिसके परिणामस्वरूप बीएसई का 30 शेयरों वाला BSE Sensex 1,527.52 अंक यानी 1.84 प्रतिशत टूट गया। बाजार में आई इस गिरावट का असर देश की शीर्ष 10 सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर भी पड़ा। इनमें से नौ कंपनियों के संयुक्त मार्केट कैप में 2,18,902.09 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई, जबकि केवल एक कंपनी—Hindustan Unilever—को लाभ हुआ।



### एलआईसी को 14990 करोड़ की चपत


अन्य प्रमुख कंपनियों में एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 14,990.24 करोड़ रुपये कम होकर 5,37,213.68 करोड़ रुपये पर आ गया। Larsen & Toubro का मूल्यांकन 13,714.85 करोड़ रुपये घटकर 5,88,837.39 करोड़ रुपये रहा। State Bank of India (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ रुपये घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई, जबकि ICICI Bank का मार्केट कैप 10,360.03 करोड़ रुपये घटकर 9,86,986.64 करोड़ रुपये पर आ गया।

### भारती एयरटेल को सर्वाधिक नुकसान

सबसे अधिक नुकसान Bharti Airtel को हुआ, जिसका बाजार पूंजीकरण 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। HDFC Bank का मूल्यांकन 37,580.10 करोड़ रुपये कम होकर 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। Reliance Industries की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये रही।

# टीसीएस कोडवीटा 2026 ने बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**मुंबई।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपनी वैश्विक कोडिंग प्रतियोगिता टीसीएस कोडवीटा 2026 के विजेताओं की घोषणा करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस वर्ष प्रतियोगिता में 1,46,922 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसके साथ टीसीएस ने दुनिया की सबसे बड़ी प्रोग्रामिंग प्रतियोगिता का नया गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रेकॉर्ड्स अपने नाम कर लिया। चीन के 21 वर्षीय झोउ झेंग्यी ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का खिताब जीता, जबकि चिली के विंसेंट ओपाज़ो और पेरू के जॉर्ज वाल्डिविया क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता रहे।



टीसीएस के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने इसे कंपनी के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि कोडवीटा उभरते कोडर्स को वैश्विक मंच प्रदान करता है, जहां वे जटिल समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता दिखा सकते हैं। अपने 13वें संस्करण में पहुंच चुकी यह प्रतियोगिता इस बार कई नए आयाम लेकर आई। पहली बार AI-सहायता प्राप्त प्रोग्रामिंग राउंड आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने आधुनिक AI टूल्स की मदद से समस्याओं का समाधान किया।

इस वर्ष भारतीय महिला कोडर्स का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। छह भारतीय महिला प्रतिभागियों ने वैश्विक टॉप 30 में जगह बनाई, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## सराफा बाजार में उछाल: सोना 1.68 लाख के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सप्ताहांत पर सोना और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय तेजी दर्ज की गई। एक ही दिन में सोना 6,560 से 7,040 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जबकि चांदी में 10,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती देखी गई। तेजी के बाद 24 कैरेट सोना अधिकांश प्रमुख बाजारों में 1,68,710 से 1,68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 1,54,650 से 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रहा। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी का भाव 2,95,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया।

# GST कलेक्शन: झोली में आए 1.83 लाख करोड़

फरवरी में जीएसटी संग्रह 8.1% बढ़ा, जनवरी में हुआ था 1.71 लाख करोड़ का कलेक्शन

**नई दिल्ली।** फरवरी माह में देश का सकल वस्तु एवं सेवा कर (GST) संग्रह वार्षिक आधार पर 8.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक दर्ज किया गया। यह आंकड़ा जनवरी के 1.71 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले उल्लेखनीय बढ़ोतरी को दर्शाता है। पिछले वर्ष फरवरी में कुल संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस वृद्धि में आयात से प्राप्त राजस्व का प्रमुख योगदान रहा। कर संरचना के तहत फरवरी में केंद्रीय जीएसटी (CGST) से 37,473 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (SGST) से 45,900 करोड़ रुपये तथा एकीकृत जीएसटी (IGST) से 1,00,236 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ।




### दक्षिणी राज्यों में सर्वाधिक कर संग्रह

राज्यवार आंकड़ों में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक अग्रणी रहे, जहां सर्वाधिक संग्रह दर्ज किया गया। इसके विपरीत लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर में अपेक्षाकृत कम राजस्व प्राप्त हुआ।

### बीते साल की अपेक्षा 7.9% अधिक

रिफंड समायोजन के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान 22,595 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। वहीं, शुद्ध उपकर (सेस) राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष फरवरी के 13,481 करोड़ रुपये से कम है।

# दक्षिण अफ्रीका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का विजय रथ जारी

- जिम्बाब्वे राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को 5 विकेट से हराया
- सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से भिड़ंत



एजेंसी । नई दिल्ली

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के मैच नंबर 51 में रविवार (1 मार्च) को दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से पराजित कर लगातार सातवीं जीत दर्ज की। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सुपर-8 मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 154 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में हासिल कर लिया।इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ग्रुप-1 में 6 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा और अब 4 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल खेलेगा।

### शुरुआती झटकों के बाद संभली पारी

रनचेज में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। क्विंटन डिकॉक (0) और एडेन मार्करम (4) सस्ते में आउट हो गए। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने दोनों को अपना शिकार बनाया।रयान रिकेल्टन ने 22 गेंदों पर 31 रन (4 छक्के) बनाए। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस (18 गेंदों पर 42 रन) और डेविड मिलर (22 रन) ने 50 रनों की साझेदारी की।अंत में जॉर्ज लिंडे (30*) और ट्रिस्टन स्टब्स (21*) ने नाबाद 53 रन जोड़कर टीम को जीत दिलाई।

### सिकंदर रजा की दमदार पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 7 विकेट पर 153 रन बनाए। कप्तान सिकंदर रजा ने 43 गेंदों पर 73 रन (8 चौके, 4 छक्के) की शानदार पारी खेली। क्लाइव मडांडे ने नाबाद 26 रन बनाए।दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेना मफाका और कॉर्बिन बॉश ने दो-दो विकेट लिए, जबकि एनरिक नॉर्किया, जॉर्ज लिंडे और लुंगी एनगिडी को एक-एक सफलता मिली। अब दक्षिण अफ्रीका का सामना सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। टीम की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

# एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे को कहा अलविदा

- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से जीती



एजेंसी । होबार्ट

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की शानदार पारी खेलकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को यादगार अंदाज में अलविदा कहा। उनकी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को 185 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। हीली (158) और बेथ मूनी (नाबाद 106) ने शतकीय पारियां खेलीं। इसके जवाब में भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर सिमट गई।

### हीली का शानदार करियर

35 वर्षीय हीली का यह 126वां और अंतिम वनडे मैच था। उन्होंने अपने वनडे करियर में 3777 रन बनाए, जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। वह छह मार्च से पर्थ में भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को पूरी तरह अलविदा कहेंगी।

### साझेदारियों से बना विशाल स्कोर

ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती झटका फीबी लिचफील्ड (14) के रूप में जल्दी गंवा दिया, लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (62) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े।इसके बाद हीली और मूनी ने तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी की। हीली ने अपनी पारी में 27 चौके और दो छक्के लगाए।वोल ने सात चौके और एक छक्का जड़ा, जबकि मूनी ने 10 चौके और एक छक्का लगाया। अंत में निकोला कैरी (34) ने तेज पारी खेलकर स्कोर 400 के पार पहुंचाया। भारत की ओर से स्नेह राणा (दो विकेट) और श्री चरणी (दो विकेट) ने कुछ सफलता हासिल की।

### भारतीय बल्लेबाजी रही फीकी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। उपकप्तान स्मृति मंधाना बिना खाता खोले आउट हो गईं। प्रतिका रावल (27) और जेमिमा रोड्रिग्स (42) ने दूसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़े, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।कप्तान हरमनप्रीत कौर 25 रन ही बना सकीं। दीप्ति शर्मा (29) और स्नेह राणा (44) ने आठवें विकेट के लिए 63 रन जोड़े, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकीं।

### श्रृंखला की स्थिति

भारत को पहले दो वनडे में क्रमश: छह और पांच विकेट से हार मिली थी। हालांकि भारतीय टीम ने तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती थी। अब तीनों प्रारूपों की इस श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया 8-4 से आगे है। अंक प्रणाली के अनुसार प्रत्येक टी20 और वनडे जीत पर दो अंक तथा टेस्ट जीत पर चार अंक मिलेंगे।

# एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

- सलीमा टेटे को सौंपी गई कप्तानी

**हॉकी इंडिया** ने 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है।भारत अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा।

### सविता ने निजी कारणों से लिया नाम वापस

अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से क्वालीफायर से अपना नाम वापस ले लिया है। सूत्रों के अनुसार, पारिवारिक कारणों से वह राष्ट्रीय शिविर में शामिल नहीं हो सकीं, इसलिए चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया।



### टूर्नामेंट का प्रारूप

इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर होंगे। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया हैं, जबकि पूल बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को रखा गया है।

### भारतीय महिला टीम

गोलकीपर: बंसरी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम
डिफेंडर: सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी
मिडफील्डर: नेहा, सलीमा टेटे (कप्तान), सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा दादासो पिसल, दीपिका सोरेंग
फॉरवर्ड: नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर, अन्नू

# इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने लॉन्च की नई जर्सी

- एमएस धोनी की उपलब्धता पर सस्पेंस बरकरार




**इंडियन प्रीमियर लीग** 2026 की शुरुआत मार्च के अंतिम सप्ताह से होने जा रही है। सभी टीमें तैयारियों में जुटी हैं। इसी क्रम में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने नए सत्र से पहले अपनी नई जर्सी का अनावरण किया है। सीएसके ने शनिवार को सामाजिक माध्यम पर संकेत दिया था कि रविवार सुबह 7:07 बजे बड़ी घोषणा की जाएगी। यह समय और अंक '7' पूर्व कप्तान एमएस धोनी से जुड़ा माना जाता है। जारी किए गए वीडियो में नए सत्र से पहले धोनी के शिविर से जुड़ने की पुष्टि के साथ 2026 सत्र की जर्सी की पहली झलक भी दिखाई गई। नई जर्सी में टीम की पारंपरिक पीली पहचान बरकरार रखी गई है, साथ ही हल्के डिजाइन बदलाव भी किए गए हैं। टीम के प्रतीक चिह्न (क्रेस्ट) के ऊपर पांच सितारे लगाए गए हैं, जो फ्रेंचाइजी के पांच खिताब (2010, 2011, 2018, 2021 और 2023) का प्रतीक हैं। पिछले सत्र में सीएसके का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 14 मैचों में 10 हार और चार जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रही थी। आगामी सत्र से पहले टीम में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं। रवींद्र जडेजा और सैम कुरेन अब टीम का हिस्सा नहीं हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम में शामिल किया गया है।

# गुकेश को प्राग शतरंज महोत्सव में नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग** (चेक गणराज्य।विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दस खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता की दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं जो अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन और ईरान के परहम माघसूदलू तथा स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के बीच खेली गईं। प्रतियोगिता में अब जब पांच दौर का खेल बाकी है तब वान फोरेस्ट तीन अंक के साथ शीर्ष पर हैं। अब्दुसत्तोरोव और नवारा के ढाई अंक हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे याकुबोएव, केमर और गुइजारो हैं। चिदंबरम, गुकेश, नीमैन और माघसूदलू के डेढ़ अंक हैं। इस बीच चैलेंजर वर्ग में विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने शीर्ष पर चल रही चेक गणराज्य की वेनक्लाव फिनेक को बराबरी पर रोका जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने मेजबान देश के स्टीफन हर्बेक से ड्रॉ खेला। दिव्या के डेढ़ जबकि गांगुली का एक अंक है।

## बॉलीवुड




# होली पर गहराएगा सितारों का प्यार

## शादी के बाद कई जोड़े मनाएंगे पहली होली

होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों में घुलने वाले प्रेम का भी उत्सव है। शादी के बाद पहली होली हर जोड़े के लिए खास और यादगार बन जाती है। इस वर्ष फिल्म और टीवी जगत के कई चर्चित दंपति अपनी वैवाहिक जीवन की पहली होली साथ मनाने जा रहे हैं। आइए जानते हैं किन सितारों के आंगन में इस बार रंग और प्रेम साथ-साथ बरसेंगे।

### रश्मिका-विजय की पहली होली

हाल ही में विवाह सूत्र में बंधीं रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस बार पति-पत्नी के रूप में पहली होली मनाएंगे। प्रशंसकों को इस जोड़ी की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार है। माना जा रहा है कि दोनों का रंगोत्सव सामाजिक माध्यमों पर खूब चर्चा बटोरेगा।





### सामंथा और राज का रंगीन उत्सव

दक्षिण भारतीय फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने निर्देशक राज निदिमोरु के साथ वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की है। यह दंपति भी पहली बार साथ होली मनाएगा। नई शुरुआत के साथ यह पर्व उनके लिए और भी विशेष माना जा रहा है।

### नूपुर और स्टेबिन का पहला रंगोत्सव

अभिनेत्री नूपुर सेनन और गायक स्टेबिन बेन ने हाल ही में सात फेरे लिए हैं। विवाह के बाद यह उनकी पहली होली होगी। परिवार और मित्रों के बीच यह जोड़ा प्रेम और रंगों का उत्सव मनाता नजर आ सकता है।






### हिना और रॉकी का मजबूत साथ

टेलीविजन अभिनेत्री हिना खान ने निर्माता रॉकी जायसवाल को जीवनसाथी चुना। कठिन समय में एक-दूसरे का साथ निभाने वाले इस दंपति की पहली होली विशेष भावनाओं से भरी रहेगी। प्रशंसकों को इनके उत्सव की झलक मिलने की उम्मीद है।

# थलपति विजय को बेटे ने किया अनफॉलो




दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता थलपति विजय इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। उनके और पत्नी संगीता सोर्नालिंगम के बीच तलाक की खबरें पहले से सुर्खियों में थीं। इसी बीच एक नया घटनाक्रम सामने आया है— उनके बड़े बेटे जेसन संजय ने सामाजिक माध्यम मंच 'इंस्टाग्राम' पर अपने पिता को अनफॉलो कर दिया है। इस कदम ने प्रशंसकों के बीच नई अटकलों को जन्म दे दिया है। तलाक को लेकर चल रही खबरों के बीच बेटे का यह कदम लोगों को हैरान कर रहा है। सामाजिक माध्यमों पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह केवल एक भावनात्मक क्षण में लिया गया निर्णय हो सकता है, जबकि अन्य इसे परिवार के भीतर चल रहे संभावित तनाव का संकेत मान रहे हैं। हालांकि इस विषय में अब तक परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। हालिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि संगीता सोर्नालिंगम ने तलाक की याचिका दायर की है। याचिका में अभिनेता पर विवाहेतर संबंध के आरोप लगाए जाने की भी चर्चा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही संबंधित पक्षों की ओर से कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने आई है। परिवार से जुड़े इन घटनाक्रमों ने प्रशंसकों के मन में कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

# सोनल चौहान दुबई हवाईअड्डे पर फंसी



ईरान पर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए मिसाइल हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। कई देशों ने अपना हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद कर दिया है, जिसके चलते दुबई से भारत आने वाली उड़ानें भी रद्द कर दी गईं। इसी बीच अभिनेत्री सोनल चौहान दुबई हवाईअड्डे पर फंस गईं।बीती रात सोनल चौहान ने सामाजिक माध्यम मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर नरेंद्र मोदी से सहायता की अपील की थी। उन्होंने लिखा था कि संकट की स्थिति के कारण उड़ानें रद्द हो गई हैं और भारत लौटने का कोई स्पष्ट मार्ग दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने सुरक्षित वापसी के लिए सरकार से मार्गदर्शन मांगा था। इसके बाद अभिनेत्री ने अपने 'इंस्टाग्राम' खाते पर नई जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि जो लोग उन्हें संदेश भेजकर हालचाल पूछ रहे हैं, उनका धन्यवाद। उत्तर न दे पाने के लिए उन्होंने क्षमा भी मांगी।

# टाइगर श्रॉफ ने सुनाया करियर का कठिन दौर



फिल्मी दुनिया की चमक-दमक के पीछे छिपे दबाव और असुरक्षा पर अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने खुलकर बात की है। 2 मार्च 1990 को मुंबई में जन्मे टाइगर ने 2014 में हीरोपंती से शानदार शुरुआत की थी। पहली ही फिल्म ने उन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 2022 में प्रदर्शित हीरोपंती 2 से टाइगर को काफी उम्मीदें थीं। यह उनकी पहली सफल फिल्म का अगला भाग थी, इसलिए वे इसे अपने करियर का अहम पड़ाव मान रहे थे। लेकिन फिल्म दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी। टाइगर ने स्वीकार किया कि इस असफलता ने उनके आत्मविश्वास को गहरा आघात पहुंचाया। फिल्म निर्माता करण जौहर के चर्चित वार्तालाप कार्यक्रम कॉफी विद करण में टाइगर ने बताया कि उन्होंने फिल्म की नाकामी को बेहद निजी रूप से लिया। वे लगातार आय-व्यय के आंकड़े देखते रहे और हर रिपोर्ट का असर उनके मन पर पड़ता रहा। उन्हें लगा कि वे दर्शकों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए। यह सोच उन्हें भीतर तक परेशान करती रही और एक समय ऐसा आया जब वे अवसाद जैसा अनुभव करने लगे। टाइगर ने कहा कि फिल्म उद्योग में हर शुक्रवार एक परीक्षा की तरह होता है-फिल्म सफल हो तो प्रशंसा, और असफल हो जाए तो आलोचना। उन्होंने अपनी मानसिक चिंता और हवाई यात्रा के भय पर भी बात की। एक बार उड़ान के दौरान तेज हलचल के बाद उनके मन में गहरा डर बैठ गया। तब से हवाई यात्रा से पहले उन्हें स्वयं को मानसिक रूप से तैयार करना पड़ता है। टाइगर का मानना है कि मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चिंता या अवसाद कोई कमजोरी नहीं है। यदि कोई व्यक्ति ऐसे दौर से गुजर रहा है, तो उसे इसे छिपाने के बजाय किसी विश्वसनीय व्यक्ति से साझा करना चाहिए। उनके अनुसार, सच्ची मजबूती भीतर की स्थिरता से आती है, न कि केवल बाहरी छवि से।

# दिल्ली की महिलाओं को ‘पिंक कार्ड’ की सौगात

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की 'वन नेशन, वन कार्ड' पहल से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार राजधानी की महिला निवासियों के लिए नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की शुरुआत करने जा रही है। 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' में द्रौपदी मुर्मू इस महत्वाकांक्षी योजना, जिसे 'पिंक कार्ड' कहा जा रहा है, का शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह कार्ड दिल्ली निवासी महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा देगा। साथ ही मेट्रो, क्षेत्रीय रैपिड रेल परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही स्मार्ट कार्ड से सशुल्क यात्रा संभव होगी।



## होली पर डीटीसी बस और मेट्रो का सफर होगा आसान

### तीन तरह के कार्ड जारी होंगे

मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत तीन प्रकार के एनसीएमसी कार्ड जारी किए जाएंगे। पिंक कार्ड दिल्ली निवासी पात्र महिलाओं के लिए होगा, जबकि ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए और ऑरेंज कार्ड मासिक पास उपयोगकर्ताओं के लिए जारी किया जाएगा। शुरुआती चरण में पिंक और ब्लू कार्ड लॉन्च किए जाएंगे, जिसके बाद ऑरेंज कार्ड लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्ड जारी करने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने हिंडन मर्केंटाइल लिमिटेड (मुफिनपे) और एयरटेल पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अधिकृत किया है। ये कार्ड दिल्ली की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में पहले से लागू ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम (एएफसीएस)

### इन स्थानों पर मिलेंगे पिंक कार्ड

लगभग 50 केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें जिला मजिस्ट्रेट और उप-मंडल मजिस्ट्रेट कार्यालयों के साथ डीटीसी के चयनित केंद्र शामिल होंगे। पात्रता सत्यापन के लिए कार्ड को आधार और मोबाइल नंबर से जोड़ा जाएगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आयु (5 वर्ष से अधिक), लिंग (महिला) और दिल्ली निवास (दिल्ली पिन कोड) की पुष्टि की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और डुप्लिकेशन रोका जा सके।

### टिकट की जगह लेगा स्मार्ट कार्ड

यह टच-फ्री और सुरक्षित स्मार्ट कार्ड होगा, जिससे प्रत्येक यात्रा का डिजिटल रिकॉर्ड दर्ज होगा। नकद लेन-देन कम होगा और आय-व्यय का लेखा-जोखा अधिक पारदर्शी रहेगा।यात्रा संबंधी आंकड़ों से बस मार्ग निर्धारण, बसों की संख्या में संतुलन और बेहतर परिवहन योजना बनाने में मदद मिलेगी। यह कार्ड मौजूदा पिंक पेपर टिकट की जगह लेगा और पूरी व्यवस्था को आधुनिक व सरल बनाएगा।




### महिला-केंद्रित परिवहन की दिशा में कदम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और 'वन नेशन, वन कार्ड' विजन से प्रेरित है। योजना के शुभारंभ पर चयनित पात्र महिलाओं को औपचारिक रूप से पिंक एनसीएमसी कार्ड वितरित किए जाएंगे। यह पहल दिल्ली में आधुनिक, डिजिटल और समावेशी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

# आज से देश में बदलाव की गिनती शुरू : केजरीवाल

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को जंतर मंतर पर आयोजित विशाल रैली में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोग मिलकर इस सरकार को सत्ता से हटाएंगे और “आज से बदलाव की गिनती शुरू हो गई है।” रैली में दिल्ली, पंजाब, गुजरात और गोवा सहित कई राज्यों से आए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने “मेरा केजरीवाल कट्टर ईमानदार है' जैसे नारे लगाए।



### षड्यंत्र रचकर परेशान किया गया

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने षड्यंत्र रचकर दिल्ली की जनता को परेशान किया। उन्होंने कहा कि उन पर भ्रष्टाचार और कथित शराब घोटाले जैसे आरोप लगाए गए, लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा,'पूरा मामला झूठा और फर्जी है। मैं कट्टर ईमानदार था, हूं और रहूंगा।'

### आईआईटी से लेकर प्रशासनिक सेवा

अपने संबोधन में केजरीवाल ने छात्र जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि वह उच्च शिक्षा के बाद विदेश जा सकते थे, लेकिन देश सेवा का रास्ता चुना। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग में सहायक आयुक्त रहते हुए भी उन्होंने रिश्वत लेने से इनकार किया। उन्होंने कहा,'अगर किसी ठेकेदार में हिम्मत है और वह साबित कर दे कि मैंने पैसे मांगे, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।'

### विकास और व्यवस्थाओं पर सवाल

केजरीवाल ने विभिन्न राज्यों में बुनियादी ढांचे और प्रदूषण की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कई देशों में सड़कें और व्यवस्थाएं बेहतर हैं, जबकि देश के कुछ हिस्सों में अब भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है।उन्होंने दावा किया कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी के क्षेत्र में सुधार कर लोगों को नई उम्मीद दी है।

### देश में उम्मीद जिंदा है

केजरीवाल ने कहा कि लोगों को लगने लगा था कि देश में बदलाव संभव नहीं है, लेकिन आम आदमी पार्टी ने यह विश्वास दिलाया कि व्यवस्था सुधर सकती है। रैली के अंत में उन्होंने समर्थकों से आह्वान किया कि वे जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर आगे बढ़ें और 'बदलाव की इस लड़ाई' को मजबूत करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भगवंत मान का भाजपा पर हमला, केजरीवाल के समर्थन में बोले

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जंतर-मंतर की रैली को वर्चुअल संबोधित करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची गई, लेकिन वह अब बेनकाब हो चुकी है। मान ने कहा कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के नेता मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं और 2027 में पंजाब की जनता आप को 100 सीटें देगी। केंद्र पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरडीएफ और जीएसटी की हजारों करोड़ रुपये की राशि रोकी गई है। मान ने दावा किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और मुफ्त बिजली जैसी नीतियों से राजनीति की दिशा बदली है और आप और मजबूत होकर उभरेगी।

### रेज़ा पहलवी का बयान – “शैतान अब नहीं रहा”

**नई दिल्ली।** निर्वासन में रह रहे ईरान के पूर्व शाही वारिस रेज़ा पहलवी ने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच X पर लिखा कि “हमारे समय का शैतान अब नहीं रहा” और इस्लामिक रिपब्लिक अपने अंतिम दौर में है। पहलवी ने दावा किया कि ईरान की जनता शासन परिवर्तन चाहती है और अधिकारियों से राष्ट्र के सामने आत्मसमर्पण करने की अपील की। उन्होंने सेना और सुरक्षा बलों से भी जनता का साथ देने को कहा। उन्होंने समर्थकों से सतर्क रहने और आंदोलन तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अंत नहीं, बल्कि एक नए दौर की शुरुआत है।

### नेपाल चुनाव से पहले भारत का सहयोग, 610 वाहन किए हस्तांतरित

**नई दिल्ली।** नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव से पहले भारत ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए बड़ी मदद दी है। भारत सरकार ने नेपाल को कुल 610 वाहन उपलब्ध कराए हैं, जिनका उपयोग चुनाव सामग्री के परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था में किया जाएगा। नेपाल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के माध्यम से यह सहायता चार चरणों में दी गई। बीरगंज में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय महावाणिज्य दूत देवी सहाय मीणा ने अंतिम चरण में 30 ट्रक नेपाल सरकार को सौंपे। नेपाल में हालिया आंदोलनों के बाद यह चुनाव अहम माना जा रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और नेपाली सेना ने गश्त बढ़ा दी है। साथ ही 3 से 5 मार्च तक भारत-नेपाल सीमा को अस्थायी रूप से सील करने का निर्णय लिया गया है, ताकि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

कोलकाता में सियासी सरगर्मी तेज

# 6 मार्च को धरने पर बैठेंगी ममता बनर्जी, 15 मार्च को सभा करेंगे नरेंद्र मोदी

**एजेंसी | कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार से राज्य में नौ ‘परिवर्तन यात्राएं’ शुरू की हैं और 15 मार्च को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में बड़ी जनसभा का ऐलान किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस ने मतदाता सूची को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर हमला तेज कर दिया है।



### भाजपा की परिवर्तन यात्रा

भाजपा की परिवर्तन यात्रा राज्य के विभिन्न हिस्सों में शुरू हो चुकी है। पार्टी के कई केंद्रीय नेता इसमें भाग लेने के लिए बंगाल पहुंच रहे हैं। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही दोनों प्रमुख दलों के बीच टकराव तेज हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में सियासी तापमान और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

### वोटर लिस्ट के खिलाफ ममता का धरना

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 6 मार्च को दोपहर 2 बजे से कोलकाता के मेट्रो चैनल (एस्प्लेनेड) पर धरने पर बैठेंगी। यह धरना स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ होगा। शनिवार को एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण के प्रकाशन के बाद लगभग 63 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जबकि करीब 60 लाख नाम ‘विचाराधीन’ बताए जा रहे हैं।

### चुनाव आयोग पर आरोप

अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित सूची में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटा दिए गए हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि प्रशासनिक लापरवाही और एसआईआर प्रक्रिया के तहत लिए गए फैसलों से अल्पसंख्यक, प्रवासी मजदूर और हाशिये पर रहने वाले समुदायों के मतदाता प्रभावित हुए हैं।पार्टी ने कहा है कि धरना शांतिपूर्ण होगा और आयोग से बाहर किए गए मतदाताओं के नाम तत्काल बहाल करने की मांग की जाएगी।

कांग्रेस का मोदी सरकार पर हमला

# स्वयंभू विश्वगुरु की विदेश नीति बेनकाब

**एजेंसी | नई दिल्ली**



मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और इज़रायल-ईरान संघर्ष के बीच देश की सियासत भी गरमा गई है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भारत की विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है और मौजूदा संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 'खुद को विश्व नेता बताने वाली सरकार के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह उजागर हो चुकी है।' उन्होंने आरोप लगाया कि देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### कांग्रेस के बड़े सवाल

#### अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों पर सवाल

- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बनाए हुए हैं और ऐसे व्यक्तियों की प्रशंसा करते हैं जिनके बयान भारत विरोधी रहे हैं। पार्टी ने इसे भारत की कूटनीतिक विफलता बताया।


#### 'ऑपरेशन सिंदूर' का मुद्दा

- कांग्रेस ने दावा किया कि ट्रंप ने कई बार कहा है कि उन्होंने भारत के निर्यात पर शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर “ऑपरेशन सिंदूर” को रोकने में भूमिका निभाई। इस संदर्भ में मार्को रुबियो के बयान का भी उल्लेख किया गया। पार्टी ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए।

# इजरायल एयर फोर्स ने ईरान के दो लड़ाकू विमान तबाह किए

**एजेंसी | इजरायल**

इजरायल एयर फोर्स (आईएएफ) ने ईरान के पश्चिमी शहर तबरीज़ के हवाई अड्डे पर खड़े दो लड़ाकू विमानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। ये विमान उड़ान भरने की तैयारी में थे। इजरायल की ओर से दावा किया गया है कि सटीक हमले में दोनों विमान पूरी तरह तबाह हो गए। इजरायली सेना, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ), ने बयान जारी कर कहा कि यह कार्रवाई ईरान की वायुसेना की गतिविधियों को कमजोर करने और उसकी हवाई रक्षा प्रणाली को और निष्क्रिय करने के उद्देश्य से की गई। आईडीएफ के अनुसार, ईरान से उत्पन्न संभावित खतरों को रोकने के लिए सैन्य ढांचों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



### क्या हैं एफ-5 और एफ-4 विमान?

नष्ट किए गए विमान ईरान के पुराने एफ-5 और एफ-4 मॉडल बताए जा रहे हैं। ये लड़ाकू विमान 1970-80 के दशक में अमेरिका से खरीदे गए थे। वर्तमान समय में इन्हें आधुनिक हवाई युद्ध के संदर्भ में अपेक्षाकृत कमजोर माना जाता है और ईरान के पास इनकी सीमित संख्या ही बची है।हालांकि, इजरायल ने इन्हें उड़ान भरने से पहले ही नष्ट कर दिया, ताकि इनका संभावित उपयोग इजरायल के खिलाफ न हो सके।

### बढ़ता क्षेत्रीय तनाव

यह घटना इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव का हिस्सा मानी जा रही है। हाल के दिनों में इजरायल ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया है।इजरायल का कहना है कि ये हमले आत्मरक्षा के तहत किए जा रहे हैं। वहीं, ईरान की ओर से इस ताजा हमले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले ईरान ने इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे।विशेषज्ञों का मानना है कि इजरायल ईरान की हवाई क्षमता को कमजोर करने की रणनीति पर काम कर रहा है। क्षेत्र में हालात फिलहाल तनावपूर्ण बने हुए हैं।

जमात-ए-इस्लामी हिंद अध्यक्ष का बयान

# यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है : सैयद सदातुल्लाह हुसैनी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह सैयद अली खामेनेई की अमेरिका और इजराइल के कथित सैन्य हमले में मौत की खबर के बाद भारत में मुस्लिम समुदाय के बीच नाराजगी देखी जा रही है। इस बीच जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी ने बयान जारी कर गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की है। 1 मार्च को जारी बयान में हुसैनी ने कहा कि वे ईरान की जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हैं और दिवंगत नेता के परिजनों के



लिए सब्र की दुआ करते हैं। उन्होंने तेहरान में हाल ही में हुए अमेरिका और इजराइल के सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की। अली खामेनेई मुस्लिम दुनिया की एक महत्वपूर्ण शख्सियत थे।

वैशाली में दर्दनाक हादसा

# सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**एजेंसी | वैशाली**

वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, शिवजी साह के घर पर लगभग 10 साल पुराने करीब 15 फीट गहरे सेप्टिक टैंक की सफाई का काम चल रहा था। सबसे पहले उनका 18 वर्षीय पोता प्रियांशु कुमार टैंक में उतरा। करीब 15 मिनट तक उसकी आवाज आती रही, लेकिन अचानक सन्नाटा छा गया। उसे बचाने के लिए उसके पिता आनंद कुमार (46) नीचे उतरे, लेकिन वे भी बाहर नहीं आए।



### चार की मौके पर मौत

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंचे। रस्सी की मदद से सभी सात लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने राहुल कुमार, पंकज कुमार, आनंद कुमार और प्रियांशु कुमार को मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य ग्रामीणों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# डीएमके न गरीबों के लिए काम करती है, न करने देती है : नरेंद्र

**एजेंसी | चेन्नई/मदुरै**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे के दौरान मदुरै में जनसभा को संबोधित करते हुए द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू होने देती है। प्रधानमंत्री 1 मार्च को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे, जहां उन्होंने हजारों करोड़ रुपये की आधारभूत संरचना परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र

मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर बनकर तैयार हो चुके हैं, लेकिन लगभग तीन लाख घर अभी अधूरे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सर्वेक्षण और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी कर रही है, जिससे गरीब परिवारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### डीएमके पर वंशवाद और भ्रष्टाचार के आरोप

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2021 में पूर्ण बहुमत मिलने के बाद भी डीएमके ने सुशासन नहीं दिया और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दिया। उन्होंने कई कथित घोटालों का उल्लेख करते हुए कहा कि डीएमके सरकार में मंत्री विकास कार्यों की बजाय घोटालों में प्रतिस्पर्धा करते नजर आते हैं। उन्होंने जे. जयललिता के शासनकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर थी।

### कांग्रेस पर भी निशाना

प्रधानमंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और डीएमके पर केंद्र में सत्ता के दौरान तमिलनाडु के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कच्चातीवु और जल्लीकट्टू जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने तमिल संस्कृति और परंपराओं का सम्मान सुनिश्चित किया। तमिलनाडु की जनता बदलाव चाहती है और केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ही राज्य को स्वच्छ और कुशल शासन दे सकता है।

# नई दिल्ली में ‘दिल्ली लखपति बिटिया योजना’ का शुभारंभ आज

## दो मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर योजना की भी शुरुआत



**एजेंसी | नई दिल्ली**

### द्रौपदी मुर्मू करेंगी उद्घाटन

महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ‘दिल्ली लखपति बिटिया योजना’ का सोमवार, 2 मार्च को औपचारिक शुभारंभ होगा। राजधानी के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित ‘सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली’ कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि होंगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### ऐसे बनेगी ‘लखपति बिटिया’

मुख्यमंत्री के अनुसार, पूर्व व्यवस्था में पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म पर 11,000 रुपये और घर पर जन्म पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश, कक्षा 10 उत्तीर्ण करने तथा कक्षा 12 में प्रवेश पर 5,000 रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाती थी, जिसे 18 वर्ष की आयु में निकाला जा सकता था।

### डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था

योजना पूरी तरह डिजिटल होगी। निधि का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और निवेश ‘एसबीआई लाइफ धनराशि साधन’ के अंतर्गत होगा।परिपक्वता पर संचित राशि सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में स्थानांतरित की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और प्रत्यक्ष वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा। परिवार की वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो। परिवार पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रह रहा हो। बालिका का जन्म दिल्ली में हुआ हो। लाभ प्रति परिवार अधिकतम दो जीवित बालिकाओं तक सीमित।